RNI NO. PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

शुद्ध हमारी पॉलिसी, नहीं जरा भी खोट।
याद सिर्फ.रखते उसे, दिला सके जो वोट।
दिला सके जो वोट, उसी पर फोकस देना।
यूं तो कई शहीद, दूसरों से क्या लेना।
कह साहिल कविराय, वोट से अपनी यारी।
नहीं जरा भी फेर, पॉलिसी शुद्ध हमारी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 60 | WEDNESDAY DATE 25-03-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर स्वास्थ्य-शिक्षा तक, हर सेक्टर को मिला बूस्ट : रेखा गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।**

दिल्ली सरकार ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह सिर्फ आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि दिल्ली के हर नागरिक के बेहतर जीवन का रोडमैप है। इस बजट में विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाने पर खास जोर दिया गया है, जिसके तहत कुल बजट का 21 प्रतिशत हिस्सा 'ग्रीन बजट' के रूप में रखा गया है।

सरकार के अनुसार, दिल्ली की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। 2024-25 में दिल्ली का जीएसडीपी 12.13 लाख करोड़ रुपए रहा, जो 2025-26 में बढ़कर 13.27 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है। सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए पीडब्ल्यूडी को 5,921 करोड़ रुपए और शहरी विकास विभाग को 7,887 करोड़ रुपए देने का प्रस्ताव रखा है। यमुनापार के विकास के लिए 300 करोड़ रुपए, अनधिकृत कॉलोनियों के विकास के लिए 800 करोड़ रुपए और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 787 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

750 किमी सड़कों के पुनर्विकास, नए फ्लाईओवर, अंडरपास और 25 करोड़ की लागत से फुटओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। बारापुल्ला कॉरिडोर जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। पावर सेक्टर के लिए 3,942 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।



सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और बिजली लाइनों को भूमिगत करने पर जोर रहेगा।

रेखा गुप्ता ने कहा कि जल और सीवर व्यवस्था के लिए 9,000 करोड़ आवंटित किए गए हैं। एसटीपी क्षमता को 707 एमजीडी से बढ़ाकर 814 एमजीडी किया गया है और लक्ष्य 1,500 एमजीडी तक पहुंचाने का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 12,645 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कई अधूरे अस्पताल पूरे किए जाएंगे और आईसीयू सुविधाओं के विस्तार के लिए 150 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

### दिल्ली सरकार ने पेश किया ऐतिहासिक बजट, सीएम रेखा गुप्ता का आभार : सिरसा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करते हुए राजधानी के विकास के लिए कई बड़े ऐलान किए। इस बार सरकार ने 1 लाख 3 हजार 700 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया, जिसे पिछले साल के मुकाबले काफी बड़ा बताया गया है। दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस ऐतिहासिक बजट के लिए दिल्ली सरकार का आभार जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में मनजिंदर सिंह सिरसा ने लिखा, 'दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा प्रस्तुत 'ग्रीन बजट 2026-27' विकसित और हरित दिल्ली की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मैं मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने दिल्ली के भविष्य को सुरक्षित और समृद्ध बनाने वाला यह विजनरी बजट पेश किया है।' उन्होंने आगे बताया कि हमारी सरकार का यह दूसरा बजट 10 प्रमुख फोकस एरिया पर केंद्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर, जल और स्वच्छता, हेल्थ केयर, शिक्षा, सामाजिक अधिकारिता, परिवहन, सुशासन, उद्योग और स्टार्टअप, पर्यटन एवं संस्कृति और पर्यावरण के माध्यम से दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के मजबूत संकल्प को दशार्ता है।



## 'पीपल सेंट्रिक ग्रीन बजट': शिक्षा मंत्री ने दिल्ली बजट 2026-27 की सराहना की

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा पेश बजट 2026-27 को जनहितकारी हरित बजट बताते हुए इसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बजट जनता की आकांक्षाओं और शिक्षा क्षेत्र पर सरकार के विशेष ध्यान को दशार्ता है। शिक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए सूद ने कहा कि कुल बजट में सबसे अधिक (18.64 प्रतिशत) यानी 19,148 करोड़ रुपए का आवंटन सरकार की प्राथमिकताओं को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिल्ली की भाजपा सरकार आर्थिक और सामाजिक विकास की दिशा में लगातार ठोस प्रयास कर रही है और विकसित दिल्ली संकल्प पत्र 2025 को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है। यह बिजली, सड़क और परिवहन जैसे आर्थिक क्षेत्रों और शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल कल्याण जैसे सामाजिक क्षेत्रों दोनों की दिशा और स्थिति निर्धारित करता है। सूद ने बताया कि जहां पिछली आम आदमी सरकार के कार्यकाल में 2024-25 का बजट 76,000 करोड़ रुपए था, वहीं 2025-26 में यह बढ़कर 1,00,000 करोड़ रुपए हो गया और अब 2026-27 में 1,03,700 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है।

**संक्षिप्त खबरें**



## दिल्ली एम्स में हरीश राणा का निधन, कोर्ट ने दी थी इच्छामृत्यु की इजाजत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती हरीश राणा का मंगलवार को निधन हो गया है। हरीश राणा देश के पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय से पैसिव यूथेनेशिया, यानी इच्छामृत्यु, की अनुमति मिली थी। दरअसल, हरीश राणा पिछले 13 साल से अधिक समय से कोमा में थे और उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा था। लंबे समय तक जीवन रक्षक प्रणाली पर निर्भर रहने के कारण उनके परिवार ने अदालत से इच्छामृत्यु की अनुमति की मांग की थी। इस मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हरीश राणा को पैसिव यूथेनेशिया की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को हरीश राणा को इच्छामृत्यु देने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया था। हरीश के परिवार की याचिका पर न्यायमूर्ति जेबी परदीवाला और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पूरी गरिमा के साथ इस प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

## जम्मू-कश्मीरः पुलिस ने पुंछ में 5 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया




**जम्मू, यूटर्न/ 24 मार्च।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले की पुलिस ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने कई आपराधिक मामलों में वांछित 5 फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि घोषित अपराधियों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण अभियान में एसडीपीओ सुरनकोट की कड़ी निगरानी में पुलिस स्टेशन सुरनकोट ने सफलतापूर्वक पांच फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये अपराधी विभिन्न आपराधिक मामलों के संबंध में लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहे थे। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान बशारत हुसैन, मोहम्मद इकबाल, गुलाम अहमद, मोहम्मद शरीफ और मोहम्मद अकरम के रूप में हुई। ये सभी आरोपी फरार घोषित किए गए थे। एसएचओ सुरनकोट की देखरेख में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था, जिसकी समग्र निगरानी एसडीपीओ सुरनकोट द्वारा की गई। विशिष्ट और विश्वसनीय सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए और लगातार प्रयासों के माध्यम से टीमों ने उन आरोपियों का सफलतापूर्वक पता लगाया और उन्हें गिरफ्तार किया, जो कई वर्षों से फरार चल रहे थे। गिरफ्तार किए गए सभी व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## मोदी करेंगे वही जो अमेरिका इजरायल उनसे कहेगा : राहुल

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए उन्हें फिर 'समझौतावादी' प्रधानमंत्री बताया और कहा कि श्री मोदी वही करेंगे जो अमेरिका और इजरायल चाहेंगे। श्री गांधी ने संसद परिसर में मंगलवार को पत्रकारों के सवालों के जवाब में श्री मोदी पर तीखे आरोप लगाए और कहा कि प्रधानमंत्री सब बिल्कुल भी स्वतंत्र फैसले लेने की स्थिति में नहीं हैं। उनके सारे निर्णय बाहरी दबावों से प्रभावित होते हैं। श्री गांधी ने कहा, 'देश की विदेश नीति अब प्रधानमंत्री की 'निजी विदेश नीति' बन गई है और इसका नतीजा यह है कि दुनिया में भारत की छवि का 'मजाक' बन गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अच्छी तरह जानते हैं कि श्री मोदी क्या कर सकते हैं और क्या



नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री ही समझौतावादी हैं तो स्वाभाविक रूप से उनकी विदेश नीति भी समझौतावादी ही होंगी और इसका नुकसान देश को उठाना पड़ेगा। उनका कहना था कि इसकी शुरूआत हो चुकी है और एलपीजी, पेट्रोल तथा उर्वरक जैसी चीजों में समस्याएं आएंगी।

## आतिशी ने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष पर विपक्ष को चुप कराने का आरोप लगाया

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।**




दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने मंगलवार को अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को पत्र लिखकर उन पर बार-बार निलंबन और निष्कासन के जरिए विपक्ष को 'चुप कराने' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायक सदन की कार्यवाही में तभी भाग लेंगे जब चार विधायकों का निलंबन रद्द किया जाएगा। अपने पत्र में आतिशी ने विपक्ष की अनुपस्थिति पर सवाल उठाने और इसे लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का उल्लंघन बताने वाले अध्यक्ष के हालिया बयानों को 'गलत और बेहद हास्यास्पद' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले एक साल में दिल्ली विधानसभा ने एक लोकतांत्रिक संस्था के रूप में काम नहीं किया है और दावा किया कि विपक्ष की आवाज को व्यवस्थित रूप से दबाया गया है। निर्वाचित प्रतिनिधियों को 'मामूली सी बात पर' निलंबित या सदन से बाहर निकाल दिया गया है। इस तानाशाही रवैये का सबसे स्पष्ट उदाहरण शीतकालीन सत्र के दौरान देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी के चार विधायकों संजीव झा, कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह और सोम दत्त के निलंबन का जिक्र किया। न्होंने लिखा कि इन चारों विधायकों को न केवल विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने से रोका गया, बल्कि उन्हें परिसर में प्रवेश करने से भी मना किया गया और सत्र समाप्त होने के बाद भी उन्हें समिति की बैठकों से बाहर रखा गया।

## वैश्विक अनिश्चितता के दौर में यूपी बना सबसे सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश गंतव्यः योगी

» **लखनऊ, यूटर्न/ 24 मार्च।**

दुनिया के कई हिस्सों में जारी अस्थिरता, आर्थिक अनिश्चितता और अव्यवस्था के बीच भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश आज निवेश व व्यापार के लिए एक सुरक्षित, स्थिर और भरोसेमंद वातावरण के रूप में उभरकर सामने आया है। इसी विश्वास को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को 'निवेश मित्र 3.0' सिंगल विंडो सिस्टम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि प्रदेश



ने बीते 9 वर्षों में पारदर्शी नीतियों, सख्त कानून-व्यवस्था, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और उद्योग-अनुकूल माहौल के जरिए अपनी पहचान को पूरी तरह बदला है।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश न केवल निवेशकों के लिए सुरक्षित गंतव्य बना है, बल्कि यहां उन्हें स्केलेबल बिजनेस के लिए अनुकूल इकोसिस्टम, विशाल उपभोक्ता बाजार, कुशल युवा मानव संसाधन और सीमलेस कनेक्टिविटी जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक साथ उपलब्ध हो रही हैं। यही कारण है कि जो निवेशक पहले प्रदेश आने से हिचकते थे, आज वही यहां निवेश के लिए आगे आ रहे हैं और उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं आर्थिक केंद्र के रूप में स्थापित कर रहे हैं। सीएम योगी ने नवरात्रि के दौरान आयोजित कार्यक्रम में 45 कंपनियों को इंसेंटिव वितरण और 62 कंपनियों को लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) प्रदान किए जाने को प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों के माध्यम से लगभग 50,000 करोड़ रुपए निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे करीब 50 हजार युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### अग्निशमन सुरक्षा संबंधी चिंताओं को लेकर आप विधायकों ने विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** दिल्ली में विपक्ष की नेता आतिशी ने अन्य आप विधायकों के साथ मंगलवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एक लाख करोड़ रुपए का बजट होने के बावजूद सरकार अग्निशमन विभाग के लिए एक भी सीढ़ी उपलब्ध कराने में विफल रही है। आप नेताओं ने पोस्टर प्रदर्शित किए जिन पर लिखा थाः बजटः 1 लाख करोड़ रुपए और फायर ब्रिगेड के पास सीढ़ी एक भी नहीं, जिससे अग्निशमन सुरक्षा के अपर्याप्त ढांचे को लेकर उनकी चिंता उजागर हुई। आईएएनएस से बात करते हुए आतिशी ने सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें (भाजपा सरकार को) जरा भी शर्म नहीं है। जब उन्हें मातम मनाना चाहिए, तब वे खीर खा रहे हैं और जश्न मना रहे हैं। (दिल्ली मंत्री) आशीष सूद तो नौ सदस्यों को खोने वाले परिवार को गालियां दे रहे हैं और उन्हें ही दोषी ठहरा रहे हैं। 1 लाख करोड़ रुपए का बजट होने के बावजूद वे एक सीढ़ी तक नहीं मुहैया करा सके।

### दिल्लीः जमानत से फरार वांछित लुटेरे को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कई गंभीर अपराधों में शामिल और डकैती मामले में दोषी ठहराए गए एक वांछित अपराधी को दिल्ली की क्राइम ब्रांच की दक्षिणी रेंज ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान रिंकू कुमार उर्फ राजिंदर उर्फ सुनील के रूप में हुई है, जो बलजीत नगर का निवासी है। अंतरिम जमानत तोड़कर फरार होने के बाद से वह कई महीनों से गिरफ्तारी से बच रहा था। पुलिस के अनुसार, फरार आरोपी को पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया के नेतृत्व में एएसआई विजयमन, हेड कांस्टेबल अरविंद और चरण सिंह, और कांस्टेबल पूनम की एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसका समग्र पर्यवेक्षण एसीपी वीकेपीएस यादव कर रहे थे।

# यमुना अथॉरिटी क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बड़ी गति, सीएम योगी ने कंपनियों को सौंपे आवंटन पत्र

» **ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 24 मार्च।**

ग्रेटर नोएडा स्थित यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन बड़ी कंपनियों को भूमि आवंटन पत्र सौंपे, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।



इन कंपनियों में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड, सीएनएच इंडस्ट्रियल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सन ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। यह आवंटन इनवेस्ट यूपी की सिफारिश पर किया गया है, जिसका उद्देश्य प्रदेश में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है।

सबसे बड़ा आवंटन सेक्टर-10 में एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को किया गया है, जिसे 154 एकड़ भूमि प्रदान की गई है। कंपनी यहां ट्रैक्टर और कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करेगी। इस परियोजना में करीब 2029 करोड़ रुपये का निवेश होगा और अनुमानित 4000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

वहीं, सेक्टर-8डी में सीएनएच इंडस्ट्रियल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 100 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। कंपनी यहां ट्रैक्टर निर्माण इकाई स्थापित करेगी, जिसमें लगभग 1219.81 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। इस परियोजना के जरिए करीब 1200 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

इसके अलावा, सन ऑर्गेनिक इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड को भी सेक्टर-8डी में 30,000 वर्गमीटर भूमि आवंटित की गई है। कंपनी यहां ड्राई फ्रूट प्रोसेसिंग और पैकेजिंग यूनिट स्थापित करेगी। इस परियोजना में लगभग 225.16 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा और करीब 569 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। इन तीनों परियोजनाओं के माध्यम से न केवल यमुना अथॉरिटी क्षेत्र में औद्योगिक आधार मजबूत होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। साथ ही, इससे ग्रेटर नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।



### दिल्ली-साउथ वेस्ट साइबर पुलिस ने पकड़ा बड़ा इन्वेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट, 11 साइबर ठग गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** दिल्ली के साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर पुलिस ने एक बड़े इन्वेस्टमेंट फ्रॉड रैकेट का पर्दाफाश किया है, जो दिल्ली, राजस्थान और मुंबई से ऑपरेट हो रहा था। इस पूरे मामले में पुलिस ने 11 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को हाई रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट का लालच देकर ठगी करते थे। इस गिरोह का शिकार एक 60 साल के बुजुर्ग व्यक्ति भी हुए, जिनसे करीब 22.67 लाख रुपए की ठगी की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से भारी मात्रा में सामान भी बरामद किया है, जिसमें 40 मोबाइल फोन, 92 फर्जी सिम कार्ड, 39 पासबुक और चेकबुक, 27 एटीएम कार्ड, 4 पैन कार्ड, एक लैपटॉप, एक डेस्कटॉप, 2 पीओएस मशीन, 6 यूपीआई स्कैनर, एक प्रिंटर और कई फर्जी दस्तावेज शामिल हैं। ये दस्तावेज खासतौर पर फर्जी बैंक अकाउंट खोलने के लिए इस्तेमाल किए जाते थे। पूरा मामला 21 नवंबर 2025 को सामने आया, जब पीड़ित ने साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि फेसबुक पर एक विज्ञापन के जरिए उन्हें निवेश का ऑफर मिला, जिसमें वित्त मंत्री के भाषण का गलत इस्तेमाल किया गया था और एआई आधारित ट्रेडिंग से मोटा मुनाफा कमाने का दावा किया गया था।

## सीबीआई कोर्ट का फैसला, यूको बैंक के अधिकारियों समेत चार दोषियों को 5 साल की सजा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** सीबीआई की विशेष अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के दो मामलों में बड़ा फैसला सुनाते हुए यूको बैंक के अधिकारियों समेत चार आरोपियों को दोषी ठहराया है। अहमदाबाद स्थित सीबीआई कोर्ट ने 23 मार्च को सुनाए गए अपने निर्णय में सभी दोषियों को पांच साल की सजा और अलग-अलग मामलों में भारी जुर्माना भी लगाया। पहले मामले में अदालत ने मेदम भगवती प्रसाद, जो उस समय चिलोडा ब्रांच, गांधीनगर में सीनियर मैनेजर थे, और भास्कर रमेशचंद्र सोनी, जो असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थे, को दोषी पाया। इनके साथ जयेंद्रसिंह द'ज़ी मकवाना, जो मेसर्स हेवन फाइव एंटरप्राइज, साबरकांठा के मालिक हैं, को भी सजा सुनाई गई। कोर्ट ने इन सभी आरोपियों को पांच साल की सजा के साथ कुल 1.33 करोड़ रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया। जांच एजेंसी सीबीआई के अनुसार, आरोपियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विभिन्न व्यक्तियों और फर्मों को बड़े पैमाने पर लोन मंजूर किए। वर्ष 2015 तक इन लोन खातों में लगभग 3.63 करोड़ रुपए बकाया हो गए थे और अधिकांश खाते एनपीए में बदल गए थे। इस घोटाले से बैंक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। सीबीआई ने इस मामले में 27 अप्रैल 2016 को केस दर्ज किया था और जांच पूरी करने के बाद 17 नवंबर 2017 को चार्जशीट दाखिल की थी।

### दिल्ली के सीमापुरी में पुलिस का एक्शन, हथियार समेत बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** शाहदरा जिला पुलिस ने अपराध नियंत्रण के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए मंगलवार को एक अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है, साथ ही चोरी की स्कूटी (होंडा एक्टिवा) और एक चोरी का कैमरा भी बरामद किया गया।

पुलिस के मुताबिक, 23 मार्च को लगभग शाम 4:00 बजे थाना सीमापुरी के स्टाफ हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार, हेड कांस्टेबल चंदन और कांस्टेबल सुनील अपने नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि सीमापुरी गोलचक्कर के पास मीना मार्केट की ओर एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मीना मार्केट के पास सर्विस रोड पर जाल बिछाया। करीब 4:20 बजे एक संदिग्ध युवक स्कूटी पर वहां आता दिखाई दिया, जिसने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिसकर्मियों की तत्परता और सतर्कता के चलते उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान दिल्ली के सुंदर नगरी निवासी वारिस (19) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक बटन वाला चाकू बरामद किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि जिस स्कूटी पर वह सवार था, वह थाना जगतपुरी क्षेत्र से चोरी की गई थी, जिसके संबंध में मामला दर्ज है।



### रेलवे का नया नियम ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से 8 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर पैसा नहीं मिलेगा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** भारतीय रेलवे ने टिकटों की कालाबाजारी पर रोक लगाने और यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के मकसद से रिफंड नियमों में बड़ा बदलाव किया है। नए नियम 1 से 15 अप्रैल के बीच लागू होने है। इन नियमों के तहत अब टिकट कैंसिल कराने पर पहले की तरह पूरा रिफंड नहीं मिलेगा, बल्कि समय के अनुसार कटौती की जाएगी।



### साउथ दिल्ली में महिला ने दिखाई बहादुरी मोबाइल छीनने वाले दो बदमाशों को खुद पकड़ा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** साउथ दिल्ली में आम लोग और पुलिस के बीच साझेदारी का एक जबरदस्त उदाहरण सामने आया है। अम्बेडकर नगर की रहने वाली 26 साल की तनीष्का ने अपनी सूझबूझ और हिम्मत से दो मोबाइल छीनने वाले चोरों को पकड़कर सबको हैरान कर दिया। पुलिस ने तनीष्का की हिम्मत की सराहना करते हुए उसे सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार, 19 मार्च की दोपहर 3 बजे की बात है। तनीष्का बीआरटी रोड से कालकाजी मंदिर जा रही थी कि तभी दो लड़कों ने स्कूटर पर आकर उसका फोन छीन लिया। लेकिन तनीष्का ने डरने की बजाय तुरंत कार्रवाई की। उसने एक ई-रिक्शा पकड़कर चोरों का पीछा किया और राहगीरों की मदद से उन्हें घेर लिया। आखिरकार उसने अपना मोबाइल वापस लिया और दोनों आरोपियों को पुलिस के आने तक वहीं रोके रखा। दिल्ली पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि 23 मार्च (सोमवार) को डीसीपी साउथ डिस्ट्रिक्ट अनंत मित्तल ने तनीष्का को एक विशेष समारोह में सम्मानित किया। इस मौके पर कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। तनीष्का की बहादुरी, फुर्तीली सोच और पुलिस के काम में योगदान की जमकर तारीफ हुई। पुलिस का कहना है कि तनीष्का की बहादुरी न सिर्फ उसे, बल्कि समाज में हर महिला के लिए एक प्रेरणा है।

# नोएडा के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस अलर्ट मोड पर

» **नोएडा, यूटर्न/ 24 मार्च।**

नोएडा से एक चिंताजनक खबर सामने आई है, जहां शहर के कई स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस धमकी के बाद प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। खास तौर पर सेक्टर-62 स्थित फादर एंजल स्कूल को मिले धमकी भरे मेल के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कूल प्रबंधन को ईमेल भेजकर परिसर में बम होने की सूचना दी गई। मेल मिलते ही स्कूल प्रशासन ने बिना देर किए एहतियातन कदम उठाए और अभिभावकों को तुरंत सूचना देकर बच्चों को स्कूल से वापस ले जाने के लिए कहा। इस दौरान स्कूल में मौजूद छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिससे किसी भी संभावित खतरे से बचाव किया जा सके।



घटना की जानकारी मिलते ही थाना सेक्टर-58 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पूरे स्कूल परिसर को अपने कब्जे में लेकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड की मदद से स्कूल के हर कोने की गहन जांच की गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शुरूआती जांच में अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर तलाशी अभियान को पूरी सावधानी के साथ जारी रखा गया।

पुलिस ने बताया कि इस तरह की धमकियों को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है और ईमेल भेजने वाले की पहचान करने के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

अधिकारियों का कहना है कि दोषियों को जल्द ही चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद नोएडा के अन्य स्कूलों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने सभी स्कूल प्रबंधन को सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए हैं।

हालांकि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और किसी प्रकार की अप्रिय घटना की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इस तरह की धमकियों ने अभिभावकों और छात्रों में चिंता का माहौल जरूर पैदा कर दिया है। पुलिस और प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं ताकि शहर में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# सीएम सिटी में 'बीमार' सरकारी सिस्टमः दवाइयों के लिए तरसते मरीज, स्टाफ नदारद

## एलएनजेपी अस्पताल में एक कर्मचारी के भरोसे सैकड़ों मरीज, अव्यवस्था ने बढ़ाई परेशानी

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 24 मार्च। सीएम सिटी कुरुक्षेत्र स्थित एलएनजेपी अस्पताल की हालत इन दिनों गंभीर चिंताओं का विषय बनी हुई है। यहां एक ओर मरीज लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर दवाइयों का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दवा वितरण करने वाला स्टाफ ही नदारद नजर आ रहा है। हालात ऐसे हैं कि इलाज देने वाला अस्पताल खुद ही 'बीमार' दिखाई दे रहा है। मौके पर मिली जानकारी के अनुसार, दवाइयां बांटने के लिए केवल एक कर्मचारी ही ड्यूटी पर मौजूद है, जबकि अन्य स्टाफ या तो ट्रांसफर हो चुका है या छुट्टी पर है। ऐसे में सैकड़ों मरीजों का भार एक ही कर्मचारी पर पड़ रहा है, जिससे व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कुछ दिन



पहले ही अस्पताल में बिजली और पानी की समस्या ने मरीजों को परेशान किया था, और अब दवाइयों के काउंटर पर अव्यवस्था ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। मरीजों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है, लेकिन न समय पर दवाइयां मिल रही हैं और न ही संतोषजनक व्यवहार। मरीजों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'यह सरकारी अस्पताल खुद ही बीमार है, हमें क्या इलाज देगा? न सही व्यवहार मिलता है और न ही समय पर दवाइयां।' स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कानून भी स्पष्ट है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार सुनिश्चित किया गया है, जिसमें बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी शामिल हैं। ऐसे में अस्पतालों में स्टाफ की कमी और लापरवाही सीधे तौर पर इस अधिकार पर सवाल खड़े करती है।

मेडिकल विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर दवाइयां न मिलने से मरीजों की स्थिति गंभीर हो सकती है, खासकर शुगर, बीपी, हृदय रोग और संक्रमण से ग्रसित मरीजों के लिए यह स्थिति जोखिम भरी साबित हो सकती है। साथ ही भीड़ और अव्यवस्था से संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। इस मामले में जब संबंधित अधिकारी सारा अग्रवाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक कर्मचारी का ट्रांसफर लाडवा हो चुका है।



# मतलोढा में ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक महोत्सव आयोजित

## कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

» **हरियाणा, यूटर्न/ 24 मार्च।**

क्षेत्र के ऑक्सफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा सरकार के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति, हरियाणवी लोक संस्कृति एवं सामाजिक विषयों पर आधारित नृत्य व नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में अभिभावकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं।

उन्होंने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार देने में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। साथ ही विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व चेयरमैन रणधीर धीरू, पार्टी कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, जगबीर सरपंच, राजेंद्र अत्री, प्रेमचंद शर्मा, अनिता मलिक, महंत रामचंद्र गिरी, साध्वी शक्तिपुरी, रवींद्र अत्री, विवेक शर्मा सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# प्रधानमंत्री मोदी का राज्यसभा में दिया गया बयान भ्रम फैलाने वाला : खरगे

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए गए बयान को 'भ्रम पैदा करने वाला' करार देते हुए सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। श्री खरगे ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री की असंगत कूटनीतिक नीति से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता प्रभावित हुई है, जो दशकों से विदेश नीति की आधारशिला रही है। उन्होंने पूछा कि हालिया इजरायल दौरे के बाद उत्पन्न कूटनीतिक प्रभावों पर संसद और देश को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने दूसरा मुद्दा उठाते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में करीब 37झ40 भारतीय जहाज अब भी फंसे हुए हैं और इन पर लगभग 1100 नाविक सवार हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ईरान से बातचीत के बावजूद सुरक्षित रास्ता क्यों नहीं मिल पाया, जबकि चीन, रूस और जापान जैसे देशों को अनुमति मिल रही है।

# ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में विश्व जल दिवस और विश्व टीबी दिवस पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन




» **राजेश सलूजा**

हरियाणा, यूटर्न/ 24 मार्च। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय (डरत्र्य) में 'विकसित भारत' और 'माई गवर्मेंट' अभियान के तहत दो महत्वपूर्ण वैश्विक दिवसों का आयोजन किया गया। स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा 'विश्व जल दिवस' और स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज द्वारा 'विश्व टीबी रोग दिवस' पर केंद्रित इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो-चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में न केवल जागरूकता पैदा करते हैं, बल्कि उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रियाओं से भी जोड़ते हैं। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की थीम जल और लिंग रखी गई। इसके साथ ही 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान पर भी बल दिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के बीच 'ऑन स्पॉट पोस्टर मेकिंग' और 'भाषण प्रतियोगिता' का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता के जरिए जल संकट और महिला सशक्तिकरण के अंतसर्बंधों को दशार्या। कृषि विभाग की डीन डॉ. पवित्रा ने इस कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। दूसरी ओर स्वास्थ्य विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' पर चर्चा की गई। हेल्थ साइंसेज की डीन डॉ. सुनैना के नेतृत्व में आयोजित इस सत्र में लोटस डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर, हिसार के प्रसिद्ध कंसल्टेंट रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप पंवार ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. पंवार ने विद्यार्थियों को टीबी के लक्षणों, बचाव और समाज से इस बीमारी को जड़ से मिटाने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें इस अभियान का दूत बनने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन.पी. कौशिक ने शिरकत कि और छात्रों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब युवा स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति सजग रहेंगे। युवाओं को 'टीबी मुक्त भारत' और 'स्वच्छ भारत' जैसे अभियानों में अग्रणी भूमिका निभानी होगी।

मुझे गर्व है कि हमारे छात्र पोस्टर मेकिंग और भाषणों के माध्यम से इन गंभीर विषयों पर जन-चेतना जगा रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर और रजिस्ट्रार डॉ. सत्यवीर सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन पर निर्भर करती है जल और लिंग की थीम यह दशार्ती है कि जल संरक्षण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# मुंह की बात सुने हर कोई दिल के दर्द को जाने कौन? : मनीषा राठी

» **हरियाणा, यूटर्न/ 24 मार्च।**

अक्सर हर व्यक्ति के साथ ऐसा होता है कि वह ऊपर से तो बहुत सरल दिखाई देता है, मगर उसके दिल में कोई ऐसी बात छिपी हुई होती है, जो सामने वाले व्यक्ति को दिखाई नहीं देती। कई बार व्यक्ति अपनी परिस्थितियों में ऐसा हो जाता है कि वह अपने मन की बात किसी से कह नहीं पाता।

हमारे सामने हर रोज ऐसे लोग आते हैं, जो बाहर से हँसते हुए दिखते हैं, मगर भीतर से टूटे होते हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान होती है, लेकिन दिल में दर्द छिपा होता है। ऐसे लोगों को पहचानना बहुत मुश्किल होता है। जब हम उनके साथ बैठते हैं, बातें करते हैं, तो लगता है कि सब कुछ ठीक है, मगर सच्चाई कुछ और ही होती है।

कई बार हम अपने आसपास के लोगों को समझ नहीं पाते। हम सिर्फ उनकी बातों को सुनते हैं, उनके व्यवहार को देखते हैं, मगर उनके दिल की गहराइयों में क्या चल रहा है, यह जानने की कोशिश नहीं करते। जबकि हर इंसान चाहता है कि कोई उसे समझे, उसके दर्द



को महसूस करे।

ऐसे में जरूरी है कि हम अपने आसपास के लोगों के प्रति संवेदनशील बनें। सिर्फ उनकी बातों को सुनना ही काफी नहीं है, बल्कि उनके भावों को भी समझना चाहिए। कई बार कोई व्यक्ति कुछ कह नहीं पाता, मगर उसकी खामोशी बहुत कुछ कह जाती है।

हमें चाहिए कि हम अपने रिश्तों में सच्चाई और समझदारी लाएं। दूसरों के दर्द को समझने की कोशिश करें। क्योंकि हर कोई मुंह की बात तो सुन लेता है, लेकिन दिल के दर्द को समझने वाला बहुत कम होता है।

# नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन ने संभाला पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र का पदभार, कहा धर्मनगरी को अपराधमुक्त बनाना मुख्य लक्ष्य रहेगा

» **कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 24 मार्च।**

जिला कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन ने मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाल लिया। पुलिस मुख्यालय पंहुचने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतीक गहलोत ने पुलिस अधीक्षक महोदय का स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस मुख्यालय पर तैनात सभी अधिकारियों व शाखा प्रभारियों ने उनके कार्यालय में मुलाकात की।



जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय के पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस मुख्यालय पर तैनात सभी अधिकारियों व शाखा प्रभारियों से रुबरु होते हुए सभी का परिचय लिया। पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय में चलने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए हिदायत की। पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में तैनात सभी अधिकारियो/कर्मचारियों को हिदायत दी कि किसी भी शाखा में किसी भी कार्य को अनावश्यक तौर से लंबित न रखा जाए। उसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कार्यालय में ड्यूटी संबंधी आवश्यक हिदायतें दी। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि पुलिस कर्मचारियों के वैल्फेयर का पूरा ध्यान रखा जाएगा। किसी भी अधिकारी/कर्मचारी की अनुशासनहीनता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी पुलिस कर्मचारी अपनी निजी अथवा विभागीय समस्या उनके समक्ष रख सकता है। जिला पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को संदेश देते हुए एसपी चन्द्र मोहन ने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए है। पुलिस से संबंधित आमजन के कार्यों अथवा जनहित के कार्यों को वरीयता देते हुए आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस मौका पर डीएसपी सुनील कुमार, राम कुमार, निर्मल सिंह, रणधीर सिंह, हैड क्लर्क निरीक्षक दीपक कुमार, सुरक्षा शाखा प्रभारी उप निरीक्षक रविन्द्र कुमार, प्रवाचक एएसआई आशीष कुमार, स्टैनों हवलदार रोबिन, इंचार्ज शिकायत शाखा उप निरीक्षक प्रवीण कौर, सेना क्लर्क सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह व अन्य शाखा प्रभारियों सहित पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

# दिल्ली में दो गुना हुआ ई-बसों का बेड़ा, निजी वाहन घटे, इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो विस्तार पर जोर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।**

दिल्ली में मौजूदा वित्तीय वर्ष में ई-बसों की संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले दो गुनी हो गई है। कोविड काल के बाद पहली बार निजी वाहनों की संख्या में गिरावट दिखी है। आर्थिक सर्वेक्षण के मुताबिक, अप्रैल 2025 में 2,150 ई-बसों की तुलना में मार्च 2026 इनकी संख्या 4,338 हो गई है। आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1,600 नई बसें जोड़ी जानी हैं। निजी वाहनों में सालाना 0.63 फीसदी की गिरावट दिख रही है।



विधान सभा में सोमवार पेश दिल्ली सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, राजधानी में परिवहन क्षेत्र को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल और सुलभ बनाने के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्ष 2025-26 में परिवहन क्षेत्र के लिए 12,111 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया था। इसमें से 20 मार्च 2026 तक 10,341 करोड़ रुपये यानी करीब 85.38 प्रतिशत राशि खर्च की जा चुकी है।

सर्वेक्षण के अनुसार, परिवहन बेड़े में वर्ष 2026-27 तक 1,600 नई बसें जोड़ी जानी हैं। इनमें 50 मेट्रो फीडर बसें भी शामिल होंगी। 2,800 नई इलेक्ट्रिक बसों की मांग रखी गई है। इसमें 1,380 बसें डीटीसी, 1,420 बसें परिवहन विभाग के लिए प्रस्तावित हैं। 3,330 अतिरिक्त ईवी बसों का प्रस्ताव भी पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत भेजा गया है।

रिपोर्ट के तहत 2024-25 में कुल पंजीकृत निजी वाहनों की संख्या घटकर 81,18,294 रह गई। पिछले वर्ष की तुलना में 51,905 वाहनों की कमी दशार्ती है। वर्ष 2014-15 में जहां दिल्ली में कुल वाहन 88.27 लाख थे।

वहीं 2020-21 तक यह संख्या बढ़कर 1.22 करोड़ के पार पहुंच गई थी। 2021-22 से में 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल, 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों पर लगाई गई पाबंदी से 64.25 लाख से अधिक वाहन डी-रजिस्टर हो चुके हैं। इस नीति का सबसे अधिक असर 2021-22 में दिखा, जब एक साल में करीब 43 लाख वाहनों की कमी दर्ज हुई।

# टीएचए में 5200 घरों में काटा गया विद्युत कनेक्शन

## बिजली घर पहुंचे लोगों ने किया हंगामा

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।**

टीएचए के कई इलाकों में सोमवार को 5200 से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति ऊर्जा निगम ने बंद कर दी। बिजली बाधित होते ही उपभोक्ता नजदीक के ऊर्जा निगम कार्यालय पहुंचे और वहां नाराजगी जाहिर की। कुछ लोगों ने नारेबाजी तक की। आरोप है कि बिल जमा होने के बावजूद कनेक्शन काट दिया गया है।

सुबह करीब आठ बजे वैशाली सेक्टर एक, दो और तीन, वसुंधरा, कौशांबी, शालीमार गार्डन स्थित कई फ्लैट और कॉलोनी की अचानक आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली कटने के बाद लोग सेक्टर-16 स्थित ऊर्जा निगम कार्यालय पहुंचे। मगर वहां जाकर हंगामा करने के बावजूद उपभोक्ताओं के कनेक्शन नहीं जुड़ सके। देर शाम तक उपभोक्ता ऊर्जा निगम कार्यालय पर एकत्रित हुए और कनेक्शन जोड़ने की मांग करते रहे। वैशाली सेक्टर तीन निवासी राजेश ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे बिजली काट दी गई थी।

जबकि स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान अधिकारियों ने बताया था कि पुराने तरीके से ही बिजली का बिल जमा करना पड़ेगा, लेकिन सोमवार को



अचानक बिना सूचना के कनेक्शन काट दिया गया। 1912 पर शिकायत करके पूछा तो पता चला कि उनका स्मार्ट मीटर प्रीपेड में बदल दिया गया है। इससे 3800 रुपये बकाया है। इसलिए कनेक्शन काटा गया है। इसके बाद 4500 रुपये का भुगतान कराया गया, लेकिन कनेक्शन नहीं जोड़ा गया। इसके बावजूद 1500 रुपये का दोबारा भुगतान कराया। छह हजार रुपये देने के बाद सात घंटे बाद ही बिजली आई है। जोन तीन के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर अमित कुमार ने बताया कि जिन भी लोगों के कनेक्शन काटे गए उन सभी का बिल पांच-छह माह से बकाया था। प्रीपेड बिल निगेटिव में जा रहा था। उपभोक्ताओं को लगातार बिल जमा करने के लिए कहा जा रहा था और उसके बाद ही आपूर्ति बंद की गई है।

# भजनपुरा इलाके में युवक की चाकू से गोदकर हत्या, पुलिस ने शुरू की जांच, खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में सोमवार देर रात एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक की शिनाख्त मोहम्मद आसिफ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि देर रात पुलिस को भजनपुरा के सुभाष मोहल्ला में एक युवक को चाकू मारे जाने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल युवक को उसके परिवार वाले पहले ही जग प्रवेश चंद्र अस्पताल लेकर जा चुके हैं। वहां पहुंचने पर पता चला कि डॉक्टरों ने घायल 18 साल के आसिफ



को मृत घोषित कर दिया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को बुलाया, जिसने मौके से अहम सबूत जुटाए हैं। पुलिस परिवार वालों से पूछताछ और आसपास का सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल कर हमलावरों की पहचान करने में जुटी है।

# वृद्ध मालिक के घर से नौकर ने चुराए 3.5 लाख रुपये, दिल्ली पुलिस ने घरेलू सहायक को जम्मू से गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।**

दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में एक सीनियर सिटीजन नागरिक के घर से उनके नौकर ने ही 3.5 लाख रुपये चुरा लिए। मुखर्जी नगर थाना पुलिस ने आरोपी 23 वर्षीय घरेलू सहायक तिलकराम को जम्मू से गिरफ्तार कर लिया है।

उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव के अनुसार शिकायतकर्ता टैगोर पार्क निवासी आर्टी जायसवाल (66) ने बताया कि 14 मार्च की शाम उनके घर से 3.5 लाख रुपये चोरी हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके नौकर तिलकराम ने चोरी करने के बाद तुरंत फरार हो गया। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कई छापे मारकर आरोपी का पता लगाया। पुलिस ने ट्रैक कर जम्मू शहर के भीड़भाड़ वाले बाजार से 19 मार्च को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में तिलकराम ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। आरोपी ने चोरी की राशि का एक हिस्सा व्यक्तिगत खर्चों जैसे शराब और अन्य गतिविधियों पर खर्च किया, जबकि लगभग 1.04 लाख रुपये अपने बैंक खाते में जमा किए। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.17 लाख रुपये नकद बरामद किए। बैंक खाते में जमा राशि को भी ट्रेस करके फ्रीज कर दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर दंपती ने डेढ़ लाख ठगे

**लोनी, यूटर्न/ 24 मार्च।** विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर दंपती ने गिरी मार्केट निवासी शाहबाज से 1.5 लाख रुपये ठग लिए। अदालत के आदेश पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित शाहबाज ने अदालत को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि एसएलएफ निवासी मो. तारिक उर्फ राहिब और उसकी पत्नी तबस्सुम से उनकी मुलाकात थी। दंपती ने दो वर्ष पहले दुबई में अपने परिचित की कंपनी में नौकरी दिलाने की बात कही थी। दंपती ने इसके एवज में उनसे डेढ़ लाख रुपये मांगे। पीड़ित का आरोप है कि 30 सितंबर 2024 को घर बुलाकर रुपये लिए और तीन अक्तूबर की हवाई जहाज की टिकट और वीजा दे दिया। जब वह कागजों की जांच कराने दो अक्तूबर को दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पहुंचे तो सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए। उनकी तरह कई और लोगों से भी रुपये लिए गए थे और वे भी एयरपोर्ट पर मिले। ठगी का एहसास होने पर दंपती से अपने रुपये मांगने गए तो महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर फंसाने की धमकी दी और घर से भगा दिया। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की। इसके बाद अदालत की शरण में गए तो रिपोर्ट दर्ज के आदेश दिए गए। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश पर दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### जीडीए सचिव से मिलकर किसानों ने मांगे 6 प्रतिशत प्लॉट

**साहिबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव विवेक कुमार मिश्रा से मिला। किसानों ने सचिव से जमीन के एवज में विकसित 6 प्रतिशत प्लॉट मांगते हुए ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिलाध्यक्ष अमित कसाना ने बताया कि भूमि का अधिग्रहण प्राधिकरण ने किया है। इसलिए प्लॉट का स्थान तय करना भी प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सचिव की ओर से किसानों को प्लॉट के बजाय फ्लैट देने का प्रस्ताव रखा था। उसे किसानों ने मौके पर ही खारिज कर दिया। किसानों ने कहा कि उन्हें पूर्व में किए गए वादे के अनुसार प्लॉट ही देना था और किसान इसके अलावा किसी भी बात पर विचार नहीं करेंगे। सचिव ने किसानों को एक सप्ताह में दोबारा बैठक कर रणनीति बनाने की बात कही।

# शीश महल पर 342 फीसदी ज्यादा खर्च

## 33.66 करोड़ में तैयार हुआ बंगला, 18.88 करोड़ इंटीरियर पर खर्च



» **दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।**

दिल्ली विधानसभा में पेश हुई कैग रिपोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आधिकारिक आवास के नवीनीकरण पर बड़े सवाल उठे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, काम की लागत अनुमान से 342 फीसदी ज्यादा बढ़कर 33.66 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल खर्च में से 18.88 करोड़ रुपये सुपीरियर स्पेसिफिकेशन, आर्टिस्टिक और एंटीक इंटीरियर पर खर्च किए गए। इसी वजह से बंगले को विपक्ष ने शीश महल नाम दिया था।

कैग ने पाया कि काम पूरा होने के दो महीने बाद 9.34 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी गई, जिससे बिना अनुमति खर्च की स्थिति बनी। रिपोर्ट के मुताबिक, स्टाफ ब्लॉक और कैंप ऑफिस के लिए मंजूर 19.87 करोड़ रुपये में भी गड़बड़ी हुई। स्टाफ ब्लॉक बना ही नहीं। पैसे का इस्तेमाल दूसरी जगह सात सर्वेंट क्वार्टर बनाने में किया गया। कैंप ऑफिस भी पूरा नहीं बन सका और काम बीच में ही रोकना पड़ा। काम के दौरान बिल्डिंग का एरिया 1397 वर्गमीटर से बढ़ाकर 1905 वर्गमीटर कर दिया गया और कई महंगे बदलाव किए गए। एक ही ठेकेदार को 25.80 करोड़ रुपये का काम दे दिया गया। रिपोर्ट में इन सभी मामलों को गंभीर वित्तीय और प्रक्रियागत खामियां बताया गया है।

# जासूसी नेटवर्क से सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में बड़ा खुलासा, तीन खातों में भेजे गए 45 लाख रुपये

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।**

देश के महत्वपूर्ण स्थानों की वीडियो और फोटो पाकिस्तान भेजने वाले जासूसी नेटवर्क से सुरक्षा एजेंसियों की पूछताछ में बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार, तीन आरोपियों के खातों में करीब 45 लाख रुपये की फंडिंग सामने आई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाकिस्तान से नेपाल के हवाला कारोबारियों के जरिए गिरोह को फंडिंग की जा रही थी।

इसमें गिरफ्तार किए जा चुके नेपाल के गुल्मी, लुम्बिनी निवासी गणेश की अहम भूमिका है। जांच में सामने आया है कि आतंकियों को देश के महत्वपूर्ण स्थानों की वीडियो, फोटो और रील भेजने के बदले में जासूसों को रकम दी गई। गिरोह के मुख्य आरोपी मेरठ निवासी सुहेल मलिक के खाते में भी लाखों का लेन-देन हुआ है। मनी ट्रेल की जांच के दौरान जासूसी प्रकरण में पकड़े गए जावेद के पिता के बैंक खाते में भी विदेशी फंडिंग के संकेत मिले हैं।



सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में नेपाल निवासी गणेश ने बताया कि पाकिस्तान से रकम नेपाल भेजी जाती थी। वहां से इसे कसीनो, मोबाइल और कपड़ों की दुकानों के खातों में ट्रांसफर किया जाता था। इसके बाद 20 से 25% कमीशन पर कुरियर से नकद और खातों में पहुंचाई जाती थी। डीसीपी सिटी धवल जयसवाल ने बताया कि आरोपियों के खातों की जांच करने पर कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं।

### सरफराज ने महक के खातों में भेजी रकम

जांच में यह भी सामने आया है कि पाकिस्तान से गिरोह को संचालित कर रहे जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े कमांडर व पाकिस्तानी गैंगस्टर सरफराज उर्फ सरदार उर्फ जोरा सिंह ने संभल से पकड़ी गई साने इरम उर्फ महक के खातों में लाखों रुपये भेजे। पूछताछ में महक ने बताया कि उसके खाते में अज्ञात स्रोतों से रकम आई थी और सरफराज ने मैसेंजर के जरिये धनराशि भेजने की जानकारी दी थी। उसने सरफराज से प्रेम संबंध होने की बात भी स्वीकारी थी।

### नौशाद से मिलने आने वालों की तलाश में पुलिस

गाजियाबाद से सामने आए जासूसी कांड में फरीदाबाद से गिरफ्तार नौशाद अली से मिलने वालों की तलाश में भी पुलिस जुटी है। पेट्रोल पंप के कर्मचारी भी मीडिया से बात करने से बचते नजर आए। सूत्रों के अनुसार नौशाद अली ने फरीदाबाद के भी कई जगहों के फोटो व वीडियो पाकिस्तानी हैंडलर को दिए थे।

शक है कि देश के अन्य शहरों की तरह इस गिरोह ने फरीदाबाद स्टेशन परिसर में भी सीसीटीवी लगाने का प्लॉन तैयार किया था। वहीं नचौली गांव स्थित पेट्रोल पंप पर प्रदूषण नियंत्रण मशीन चलाने वाले मोनू ने अमर उजाला को बताया कि अक्सर वो नौशाद के साथ खाना भी खाता था। लेकिन ऐसा कभी शक नहीं हुआ कि वह अवैध गतिविधि कर रहा है।

# देश में सभी गैस रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर; 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की हुई सप्लाई: सरकार

» **नई दिल्ली यूटर्न/ 24 मार्च।**

सरकार ने मंगलवार को बताया कि देश की सभी गैस रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और सोमवार तक 18,700 टन कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति की जा चुकी है।

अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर चल रही हैं और देश में पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

सरकार देश भर में पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने पर भी जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को निर्देश दिया है कि जहां सुविधा उपलब्ध हो, वहां 5 दिनों के अंदर स्कूलों, कॉलेजों और आंगनवाड़ी किचन में पीएनजी कनेक्शन दिया जाए।

उनके अनुसार, सोमवार को देश के 110 प्रमुख क्षेत्रों में करीब 7,500 घरेलू और व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन दिए गए।




**ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन की कमी नहीं है और सप्लाई नियमित रूप से जारी है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में खरीदारी न करें, क्योंकि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।**

शर्मा ने कहा कि देश में 1 लाख से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं और ज्यादातर सामान्य रूप से काम कर रहे हैं, जहां पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

उन्होंने यह भी बताया कि एलपीजी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और सरकार आपूर्ति के स्रोतों को बढ़ाने पर भी काम कर रही है ताकि स्थिति स्थिर बनी रहे। साथ ही, राज्यों से निगरानी और व्यवस्था को मजबूत करने की अपील की गई है।

उन्होंने कहा कि देश में एलएनजी का भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

मार्च के पहले तीन हफ्तों में 3.5 लाख से ज्यादा घरेलू और व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं, जबकि एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी सामान्य रूप से जारी है और घबराहट में बुकिंग में काफी कमी आई है।

वर्तमान के भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए एलपीजी सप्लाई पर लगातार नजर रखी जा रही है, लेकिन कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति सामने नहीं आई है।

ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन की कमी नहीं है और सप्लाई नियमित रूप से जारी है।

सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में खरीदारी न करें, क्योंकि पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जरूरी सेक्टरों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसमें घरेलू पीएनजी और सीएनजी ट्रांसपोर्ट को 100 प्रतिशत सप्लाई दी जा रही है, जबकि औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को करीब 80 प्रतिशत सप्लाई दी जा रही है।

# तमिलनाडु में पानी की कीमतें बढ़ीं

## 20 लीटर वाली कैन और बोतलबंद पानी महंगा हुआ

» **चेन्नई, यूटर्न/ 24 मार्च।**

तेल समृद्ध पश्चिम एशियाई क्षेत्र में चल रहे संघर्ष का असर अब तमिलनाडु के कुछ घरों पर पड़ने लगा है। पेट्रोलियम आधारित कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि के बाद पानी की बोतलें और 20 लीटर वाले कैन बनाने की लागत बढ़ गई है, जिसकी वजह से बोतलबंद पानी की कीमतें भी बढ़ गई हैं।

पहले इस संकट का असर राज्य के होटल और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर पड़ा था, लेकिन अब यह सीधे उन लोगों को महसूस हो रहा है जो रोजमर्रा की जरूरतों के लिए 20 लीटर वाली कैन वाले पानी पर निर्भर हैं। सूत्रों के अनुसार, पॉलीएथिलीन टेरेफ्थेलेट की कीमत बढ़ गई है, जो बोतलें और कैन बनाने में इस्तेमाल होती है। इसके कारण नए 20-लीटर वाले कैन की कीमत काफी बढ़ गई है। निमार्ताओं ने 20 लीटर कैन की कीमत लगभग 5 रुपए बढ़ा दी है, जबकि कुछ बड़े ब्रांडों ने इसे 10 रुपए तक बढ़ाया है। बोतलबंद पानी की कीमत भी बढ़ गई है। अब एक कैन पानी की कीमत पहले से 20 से 30 रुपए



ज्यादा हो गई है। तमिलनाडु में लगभग 1,500 पैकेज्ड वाटर यूनिट हैं, जो करीब 15 लाख लोगों को 20 लीटर कैन के जरिए पानी उपलब्ध कराती हैं, लेकिन राज्य में प्लास्टिक कंटेनर बनाने वाले बहुत कम हैं, इसलिए सप्लाई में कमी और उत्पादन में दिक्कतें आती हैं।

हर यूनिट को हर हफ्ते नए कंटेनर की जरूरत होती है, इसलिए कच्चे माल में कोई रुकावट सीधे पानी की कीमतों को प्रभावित करती है। चेन्नई और अन्य शहरों में रिटेलर पहले ही बढ़ी कीमतें ग्राहकों पर डाल रहे हैं। पहले लगभग 20 रुपए का 20 लीटर वाला कैन, अब कई जगह 25 रुपए में बिक रहा है।

# ऊर्जा की कीमतें बढ़ने से भारत के मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज सेक्टर की आउटपुट ग्रोथ मार्च में कम हुई

» **नई दिल्ली यूटर्न/ 24 मार्च।**

भारत के मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज सेक्टर की आउटपुट ग्रोथ मार्च में कम हो गई है। इसकी वजह मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने के कारण ऊर्जा की कीमतें बढ़ना है। यह जानकारी मंगलवार को जारी हुए एचएसबीसी फ्लैश इंडिया पीएमआई डेटा में दी गई।

पीएमआई कंपोजिट आउटपुट इंडेक्स, जो कि देश के मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की स्थिति को दिखाता है, मार्च में 56.5 रहा है।

जब भी पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह ग्रोथ को दिखाता है, जब भी यह इस स्तर से नीचे होता है तो आर्थिक गतिविधियों में गिरावट होती है।

एचएसबीसी की भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, 'घरेलू मांग में नरमी के कारण नए ऑर्डरों में गिरावट आई, जो तीन साल से अधिक समय में सबसे धीमी गति से बढ़े, हालांकि निर्यात के नए ऑर्डरों में रिकॉर्ड वृद्धि हुई। लागत का दबाव बढ़ा, लेकिन कंपनियां मार्जिन कम करके इस वृद्धि के कुछ हिस्से को वहन कर रही हैं।'

कंपनियों ने संकेत दिया कि मध्य पूर्व युद्ध, अस्थिर बाजार स्थितियों और मुद्रास्फीति के दबाव ने विकास को धीमा कर दिया। इनपुट लागत और विक्रय शुल्क में क्रमशः 45 और सात महीनों में




सबसे तेज वृद्धि दर्ज की गई।

एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों और सर्विसेज कंपनियों को दिए गए नए ऑर्डरों में भी धीमी वृद्धि हुई। कुल मिलाकर बिक्री में नवंबर 2022 के बाद से सबसे धीमी गति से वृद्धि हुई।

मार्च में समग्र स्तर पर बकाया कारोबार की मात्रा में लगातार चौथे महीने वृद्धि दर्ज की गई। मैन्युफैक्चरिंग डेटा के मुताबिक, पिछली तिमाही के अंत में खरीद स्तर और खरीद के भंडार में और वृद्धि हुई। हालांकि, दोनों ही मामलों में वृद्धि दर फरवरी से धीमी हो गई। पीएमआई डेटा के अनुसार, 'कंपनियों ने अपने अतिरिक्त लागत भार का एक बड़ा हिस्सा वहन कर लिया, जैसा कि विक्रय मूल्यों में वृद्धि से पता चलता है, जो इनपुट लागतों की तुलना में काफी कम थी।'

# मारुति ब्रेजा के अपडेटेड वर्जन का ग्राहकों को बेसब्री से इंतजार

» **नई दिल्ली यूटर्न/ 24 मार्च।**

कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी की लोकप्रिय एसयूवी मारुति ब्रेजा के अपडेटेड वर्जन का ग्राहकों को बेसब्री से इंतजार है। नई ब्रेजा में कई महत्वपूर्ण मेकैनिकल बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जो इसके परफॉर्मेंस, माइलेज और ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बनाएंगे। कंपनी इसे इस साल के अंत या अगले साल की शुरूआत में लॉन्च कर सकती है। नई ब्रेजा की सबसे बड़ी खासियत इसका नया 1.0-लीटर बूस्टरजेट टर्बो पेट्रोल इंजन हो सकता है। यह इंजन पहले से ही फ्रॉन्क्स जैसे मॉडल में इस्तेमाल हो रहा है और करीब 98 बीएचपी की पावर तथा 147 एनएम का टॉर्क देता है। मौजूदा ब्रेजा में 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन मिलता है, जो 101 बीएचपी और 136 एनएम टॉर्क जनरेट करता है। छोटे इंजन के आने से ब्रेजा कम जीएसटी स्लैब में आ सकती है, जिससे




इसकी कीमत अधिक प्रतिस्पर्धी होने की संभावना है। हालांकि, कंपनी 1.5-लीटर इंजन का विकल्प भी जारी रख सकती है। ट्रांसमिशन के मोर्चे पर भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मौजूदा मॉडल में 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स मिलता है, लेकिन नए मॉडल में 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन जोड़े जाने की उम्मीद है।

# मारुति फ्रोंक्स की फरवरी में 13,898 यूनिट की बिक्री दर्ज

» **नई दिल्ली यूटर्न/ 24 मार्च।**

कॉम्पैक्ट एसयूवी मारुति फ्रोंक्स लॉन्च के बाद से ही बिक्री के मामले में तेजी से आगे बढ़ रही है। नेक्सा डीलरशिप के जरिए बिकने वाली मारुति सुजुकी इंडिया कंपनी की इस कार ने फरवरी में 13,898 यूनिट की बिक्री दर्ज की और स्टाइल, फीचर्स, प्रैक्टिकैलिटी और बेहतर माइलेज के चलते इसे ग्राहकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

अब कंपनी इसके 2026 मॉडल में बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आने वाले समय में फ्रोंक्स में तीन बड़े अपडेट देखने को मिल सकते हैं, जिनमें फ्लेक्स-फ्यूल इंजन, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड टेक्नोलॉजी और अडास फीचर्स शामिल हैं। सबसे पहले फ्लेक्स-फ्यूल वर्जन की बात करें तो इसे पिछले



साल जापान मोबिलिटी शो में पेश किया गया था और इसके 2026 तक भारत में लॉन्च होने की संभावना है। इस वर्जन में 1.2-लीटर या 1.5-लीटर का फ्लेक्स-फ्यूल कम्पैटिबल इंजन मिल सकता है, जो अलग-अलग प्रकार के ईंधन पर चलने में सक्षम होगा। दूसरा बड़ा अपडेट स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड पावरट्रेन के रूप में सामने आ सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपया शुरूआती कारोबार में 20 पैसे टूटकर 93.73 प्रति डॉलर पर

#### रुपया सोमवार को 94 के स्तर को पार कर गया था

**मुंबई, यूटर्न/ 24 मार्च।** रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में 20 पैसे टूटकर 93.73 प्रति डॉलर पर पहुंच गया।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ बातचीत जारी होने के संकेत देने के बावजूद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती रहीं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि विदेशी पूंजी की भारी निकासी से स्थानीय मुद्रा पर और दबाव पड़ा जबकि घरेलू शेयर बाजारों में मजबूत शुरूआत ने तेज गिरावट को कुछ हद तक कम कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 93.66 पर खुला। हालांकि बाद में टूटकर 93.73 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 20 पैसे की गिरावट दशार्ता है। रुपया सोमवार को 94 के स्तर को लांघ गया था। हालांकि अंत में संभलता हुआ 93.53 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.36 पर रहा।

### जीएसपी क्रॉप साइंस की दमदार लिस्टिंग, निवेशकों को मिला शुरूआती फायदा

#### आईपीओ प्राइस से ऊपर खुला शेयर, लिस्टिंग के बाद भी दिखी तेजी

**नई दिल्ली यूटर्न/ 24 मार्च।** एग्रोकेमिकल सेक्टर की कंपनी जीएसपी क्रॉप साइंस के शेयर मंगलवार को शेयर बाजार में अच्छी शुरूआत के साथ सूचीबद्ध हुए। कंपनी ने अपने 400 करोड़ रुपये के आईपीओ के जरिए पूंजी जुटाई थी। बीएसई पर शेयर 332.30 रुपये पर लिस्ट हुआ, जो 320 रुपये के अपर प्राइस बैंड से 3.84 प्रतिशत अधिक है। वहीं, एनएसई पर यह 328 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो प्राइस बैंड से 2.50 प्रतिशत ऊपर रहा। लिस्टिंग के बाद शेयरों में और तेजी देखने को मिली। बीएसई पर यह बढ़कर 362.30 रुपये तक पहुंच गया, जो इश्यू प्राइस से लगभग 13 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि बाद में इसमें हल्की गिरावट आई और सुबह करीब 10:26 बजे यह 333.95 रुपये पर 1.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार करता दिखा।

# टाटा हैरियर ईवी का नया वेरिएंट फियरलेस प्लस क्यूडब्ल्यूडी 75 लॉन्च

» **मुंबई, यूटर्न/ 24 मार्च।**

अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा हैरियर ईवी का स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने नया वेरिएंट फियरलेस प्लस क्यूडब्ल्यूडी 75 लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि यह वेरिएंट सुपरकार जैसी परफॉर्मेंस के साथ बेहतरीन ऑफ-रोड क्षमता भी प्रदान करता है, जिससे यह अलग-अलग ड्राइविंग कंडीशन्स के लिए एक मजबूत विकल्प बनकर उभरता है। इस ड्यूल मोटर क्वॉड-व्हील ड्राइव वेरिएंट की शुरूआती कीमत 26.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। नया वेरिएंट




टाटा के एक्टी.ईवी प्लस प्लेटफॉर्म पर आधारित है और इसमें ड्यूल मोटर सेटअप दिया गया है, जो ऑल-व्हील ड्राइव सिस्टम के साथ आता है। यह एसयूवी 504एनएम का टॉर्क जनरेट करती है और मात्र 6.3 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। इस तेज एक्सेलेरेशन के साथ यह सेगमेंट में अपनी खास पहचान बनाती है। साथ ही इसमें 6 टेरेन मोड, ऑफ-रोड असिस्ट और बूस्ट मोड जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे शहर की सड़कों से लेकर कठिन रास्तों तक हर जगह सक्षम बनाते हैं। अब तक टाटा का क्यूडब्ल्यूडी सिस्टम केवल टॉप-स्पेक वेरिएंट तक सीमित था, लेकिन फियरलेस प्लस क्यूडब्ल्यूडी 75 के लॉन्च के बाद ग्राहकों को कम कीमत में ड्यूल मोटर तकनीक का विकल्प मिल गया है। यह वेरिएंट खासतौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो ज्यादा फीचर्स के बजाय परफॉर्मेंस और ऑफ-रोडिंग क्षमता को प्राथमिकता देते हैं। फीचर्स की बात करें तो इसमें 6-वे पावर्ड ड्राइवर सीट, 4-वे पावर्ड को-ड्राइवर सीट, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, 360-डिग्री कैमरा और जेबीएल का 10-स्पीकर ऑडियो सिस्टम दिया गया है।

इसके अलावा 19-इंच अलॉय व्हील्स, वॉइस-असिस्टेड ड्यूल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, एम्बिएंट लाइटिंग और रियर सनशेड जैसे फीचर्स भी इसमें शामिल हैं, जो ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाते हैं। सुरक्षा के मामले में भी यह एसयूवी मजबूत है और इसे 5-स्टार भारत एनकैप रेटिंग मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### लगातार सिरदर्द को हल्के में लेना पड़ सकता है भारी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।** शहर में आयोजित एक जागरूकता सेमिनार में विशेषज्ञों ने लगातार सिरदर्द को नजरअंदाज करने के खतरों को लेकर लोगों को सतर्क किया। नीलम बाटा रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में निजी अस्पताल की न्यूरोलॉजी विभाग की डायरेक्टर डॉ. सुषमा शर्मा ने कहा कि बढ़ता ऑफिस तनाव लोगों को धीरे-धीरे मानसिक रोगों की ओर धकेल रहा है। उन्होंने बताया कि लगातार सिरदर्द, थकान और चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण सामान्य नहीं हैं और इन्हें अनदेखा करना आगे चलकर गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। आजकल लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करना, पर्याप्त नींद न लेना और लगातार मानसिक दबाव में रहना सीधे तौर पर दिमाग और शरीर को प्रभावित कर रहा है। डॉ. शर्मा ने कहा कि कई लोग बार-बार होने वाले सिरदर्द को सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि यह माइग्रेन या तनावजनित सिरदर्द का संकेत हो सकता है। यदि समय रहते इसका उपचार नहीं किया जाए तो यह समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। उन्होंने सलाह दी कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार सिरदर्द, नींद न आना, ध्यान केंद्रित करने में परेशानी या मानसिक थकान महसूस हो रही है तो उसे तुरंत विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। समय पर जांच और उपचार से बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। सेमिनार के दौरान स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर भी जोर दिया गया।

### नई गैस गाइडलाइन से 2500 फूड कारोबारियों को राहत

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।** गैस किल्लत को लेकर केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन लागू होने के बाद जिले के करीब 2500 ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड संचालकों के लिए राहत की खबर है। आज से कॉमर्शियल सिलिंडर की सप्लाई शुरू कर दी गई है, जबकि एजेंसियों पर पांच किलो के सिलिंडर उपलब्ध कराने का फैसला छोटे कारोबारियों के लिए बड़ी सहूलियत साबित होगा। इससे किचन संचालन में आ रही रुकावट दूर होगी और काम फिर से पूरी क्षमता के साथ शुरू हो सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक के बाद स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि देश में गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और किसी भी स्तर पर कालाबाजारी नहीं होनी चाहिए। इसके बाद हरियाणा सरकार और प्रशासन ने सप्लाई व्यवस्था को मजबूत करते हुए प्लांट से एजेंसियों तक सिलिंडर पहुंचाने की प्रक्रिया तेज कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि एक-दो दिनों में हालात पूरी तरह सामान्य हो जाएंगे और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने बताया कि प्रदेश में गैस आपूर्ति को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

## कड़कड़ मॉडल स्कूल में अव्यवस्थाओं पर भड़के अभिभावक

» **साहिबाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।**



कड़कड़ मॉडल कंपोजिट विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं की कमी पर अभिभावकों ने नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल में लंबे समय से आवश्यक सुविधाएं बंद पड़ी हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। अव्यवस्थाओं पर अभिभावक शिक्षकों पर ही भड़क गए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि स्कूल में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। स्कूल के शौचालय जर्जर हालत में हैं और पानी की टंकी भी टूटी हुई हैं। स्कूल परिसर में जगह-जगह मलबे और कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। गंदगी से ऐसा नहीं लगता कि यह स्कूल है। प्रदर्शन के दौरान गंगाराम राघव, अरुण तोमर, धर्मेंद्र पाल और यशु राघव सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जल्द ही शैक्षिक सत्र शुरू होगा, लेकिन स्कूल में अव्यवस्थाएं बनी हुई हैं। अभिभावकों ने कहा कि यदि सुविधाएं दुरुस्त नहीं की तो बच्चों को किसी दूसरे स्कूल में दाखिला कराना पड़ेगा। स्कूल का एक सबमर्सिबल और हैंडपंप उपयोगी है, दूसरा सबमर्सिबल खराब है। आरओ के लिए निजी कंपनी से बात चल रही है, अगर पार्षद और नगर निगम और सहयोग मिले तो दूसरा सबमर्सिबल लगाने का काम भी जल्दी हो जाएगा।

## यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर परिवाद दर्ज करने के आदेश



**गाजियाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।** लोनी के चर्चित यूट्यूबर सलीम वास्तिक के खिलाफ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-1 ने परिवाद दर्ज करने के आदेश दिए हैं। यह आदेश धार्मिक संगठन तहफ्फुल ए नामूस ए रिसालत एक्शन ट्रस्ट (टीएनआरएटी) के मेरठ मंडल अध्यक्ष शाहिद खान तहसीनी के दाखिल याचिका पर पारित किया। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 23 मई तय करते हुए बयान दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। सलीम अभी जानलेवा हमले के बाद अस्पताल में भर्ती हैं। याचिकाकर्ता शाहिद खान तहसीनी ने अदालत को बताया कि नौ जनवरी 2026 को उनके मोबाइल फोन पर एक वीडियो क्लिप प्राप्त हुई थी। आरोप है कि इसमें सलीम वास्तिक ने पैगंबर इस्लाम के बारे में आपत्तिजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि इस वीडियो से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और इससे समाज में आक्रोश फैलने की आशंका है। शाहिद खान ने बताया कि उन्होंने इस मामले में थाना स्तर से लेकर उच्च अधिकारियों तक शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने अदालत की शरण ली। अदालत ने थाना अंकुर विहार से रिपोर्ट तलब की। इसमें बताया गया कि इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं है। अदालत ने सीधे एफआईआर दर्ज कराने के बजाय प्रार्थना पत्र को परिवाद के रूप में स्वीकार कर लिया।

## बुकिंग के 15 दिन बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर: एजेंसियों के बाहर लगती है लाइन



### डिलीवरी सिस्टम पर उठ रहे सवाल

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** राजधानी के कई इलाकों में समय पर बुकिंग करने के बावजूद उपभोक्ताओं तक सिलिंडर नहीं पहुंच रहा है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नजफगढ, उत्तम नगर, विवेक विहार, लक्ष्मी नगर, शाहदरा, मयूर विहार, संगम विहार, बदरपुर और कालकाजी समेत अधिकतर इलाकों में सुबह से ही एजेंसियों के बाहर भीड़ देखी जा रही है।

उपभोक्ताओं के अनुसार, बुकिंग के समय बताई जा रही डिलीवरी की तारीख पर सिलिंडर नहीं मिलता है। राजघाट और आरके पुरम की गैस एजेंसियों के साथ अधिकतर एजेंसियों के संचालकों का कहना है कि राजधानी में सिलिंडर की कमी नहीं है। ज्यादातर उपभोक्ताओं को समय पर सिलिंडर दिया जा रहा है। कुछ मामलों में ट्रांसपोर्ट या तकनीकी कारणों से देरी हो सकती है। संचालकों का कहना है कि सप्लाई सामान्य है। अनावश्यक रूप से इसे बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि असली समस्या डिलीवरी व्यवस्था में है। कई बार डिलीवरी कर्मी फोन करके आने की बात कहते हैं, लेकिन बाद में सिलिंडर नहीं पहुंचता।

**छोटे ढाबों पर ताले की नौबत, आम आदमी पर गैस किल्लत का असर**

राजधानी में एलपीजी गैस की कमी ने छोटे कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। राजधानी के कई इलाकों में ढाबे, छोटे होटल और रेहड़ी-पटरी के खाने-पीने के स्टॉल अब या तो बंद हो चुके हैं या बंद होने की कगार पर हैं। मुनिरका, आरकेपुरम, कृष्णा नगर, बुराड़ी, कनॉट प्लेस, कश्मीरी गेट, पहाड़गंज समेत की इलाकों में यह संकट साफ तौर पर नजर आ रहा है। पहले जहां चहल पहल रहती थी, वहां अब कई दुकानों के चूल्हे ठंडे पड़े हैं। आरकेपुरम में कई साल से चल रहा एक छोटा ढाबा भी इस समस्या की चपेट में है। यह ढाबा आसपास काम करने वाले कर्मचारियों, टैक्सी चालकों और छोटे व्यापारियों के लिए सस्ता और भरोसेमंद भोजन उपलब्ध कराता था। ढाबा संचालक मनवीर ने बताया कि उनके यहां रोजाना दो कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की खपत होती थी, लेकिन अब सप्लाई लगभग बंद हो गई है। फिलहाल उनके पास सिर्फ एक सिलिंडर बचा है। अगर जल्द गैस नहीं मिली तो उन्हें मजबूरी में ढाबा बंद करना पड़ेगा।

**डिलीवरी सिस्टम पर उठ रहे सवाल:** मयूर विहार निवासी प्रवीण ने बताया कि अगर समय पर सही जानकारी मिल जाए तो परेशानी काफी कम हो सकती है। आरके पुरम, विवेक विहार, कालकाजी, उत्तम नगर, पंजाबी बाग, मुनिरका, लक्ष्मी नगर और मयूर विहार समेत कई इलाकों से सिलिंडर डिलीवरी में देरी की शिकायतें मिल रही हैं। लोगों का कहना है कि बुकिंग के 10 से 15 दिन बाद भी सिलिंडर नहीं मिल रहा।

**होटल और रेस्तरां की थमी रफ्तार**

राजधानी में कॉमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों की कमी ने होटल और रेस्तरां उद्योग की रफ्तार को थाम दिया है। करोल बाग, लक्ष्मी नगर, मयूर विहार, कश्मीरी गेट, मोती बाग, आरके पुरम, पहाड़गंज और द्वारका स्थित कई होटल और रेस्तरां गैस की किल्लत से जूझ रहे हैं। होटल संचालकों के अनुसार, पहले जितनी मात्रा में गैस मिलती थी.

## साइबर ठगों ने दो लोगों से ठग लिए 34 हजार रुपये

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।**

साइबर ठगों ने जिले के अलग-अलग इलाके में रहने वाले दो लोगों से 34 हजार रुपये ठग लिए। ठगों ने नौकरी दिलाने के नाम पर और एक छात्र से विदेशी नागरिक बनकर दोस्ती के नाम पर ये ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। पहले मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत बल्लभगढ़ इलाके के रहने वाले जयदेव ने दी है। इनका आरोप है कि 23 जनवरी को इनके बैंक खाते से 7 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोपी ने नौकरी लगवाने का झांसा दिया और डिटेल मांगी। बाद में आरोपी ने कहा कि आपके नंबर पर ओटीपी आएगा और ओटीपी पूछकर ये ठगी की। खाते से रुपये कटने पर ठगी का अहसास हुआ और मामला पुलिस तक पहुंचा। दूसरे मामले में साइबर क्राइम थाना बल्लभगढ़ पुलिस को शिकायत फरीदाबाद के कॉलेज के छात्र ने दी है। छात्र का कहना है कि वो ग्राइंडर एप पर उसकी दोस्ती विदेशी नागरिक रेमंड लुइस नामक व्यक्ति से हुई। दोनों के बीच काफी बातचीत हुई और विदेशी नागरिक ने कहा कि वो 22 फरवरी को भारत के मुंबई एयरपोर्ट आएगा। आरोपी ने बताया कि उनकी फ्लाइट 21 फरवरी 2024 की सुबह जूरिक एयरपोर्ट टी1 से है। आरोपी ने छात्र को एयरपोर्ट का एक वीडियो भी भेजा। बाद में आरोपी ने कहा कि उसका क्रेडिट कार्ड काम नहीं कर रहा और बहाने से 27 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। बाद में आरोपी ने संपर्क बंद कर दिया तो ठगी का अहसास हुआ और मामला पुलिस तक पहुंचा।

## नवरात्र में नारी शक्ति को संबल : विधवा पेंशन योजना से बढ़ रहा आत्मविश्वास

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।**




नवरात्र के दौरान जहां देवी शक्ति की आराधना के माध्यम से नारी के सामर्थ्य और सम्मान का संदेश दिया जाता है, वहीं समाज में ऐसी अनेक महिलाएं भी हैं जो जीवनसाथी के निधन के बाद भावनात्मक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं। इसी संदर्भ में विधवा एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना एक महत्वपूर्ण सहारा बनकर उभरी है, जो न केवल उन्हें आर्थिक सहयोग प्रदान करती है, बल्कि आत्मसम्मान के साथ आत्मनिर्भर जीवन जीने की दिशा में भी सशक्त बनाती है।

जिले में वर्तमान में 45 हजार से अधिक महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। वहीं पूरे हरियाणा में लगभग 8.15 लाख से अधिक लाभार्थी इस सामाजिक सुरक्षा पहल से जुड़ी हुई हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए यह योजना दैनिक जरूरतों को पूरा करने का महत्वपूर्ण आधार बन गई है।

**योजना का बढ़ता दायरा**

राज्य में वर्ष 1980-81 में शुरू की गई इस योजना के तहत शुरूआत में मात्र 50 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जाती थी। समय के साथ सरकार ने इसमें लगातार बढ़ोतरी की है। 1 अप्रैल 2021 से पेंशन राशि बढ़ाकर 2,500 रुपये की गई और वर्तमान में 1 जनवरी 2024 से इसे बढ़ाकर 3,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है।

**आत्मनिर्भरता की ओर कदम**

जिले की कई महिलाएं इस पेंशन राशि का उपयोग अपने दैनिक खर्च, दवाइयों और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में कर रही हैं। इससे वे दूसरों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ रही हैं। दो साल पहले मेरे पति की बीमारी से मृत्यु हो गई। परिवार पहचान पत्र में गड़बड़ी की वजह से आवेदन में दिक्कत हुई लेकिन बाद में सुधार के बाद योजना का लाभ मिलना शुरू हुआ है। अपनी जरूरतों के लिए बच्चों पर निर्भरता कम हुई है।-इंद्रावती, एसी नगर

इस योजना से मिलने वाली राशि मेरे लिए बड़ा सहारा है। इससे मैं अपने जरूरी खर्च आसानी से पूरा कर पा रही हूं। बूढ़ापे में दवाइयों के लिए बच्चों पर निर्भरता नहीं है। पोते की पढ़ाई की छोटी-मोटी जरूरतों में भी मदद कर देती हूं।-सरस्वती देवी, मेवला महाराजपुर

पेंशन से मुझे और मेरी जैसी महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा का एहसास हुआ है। इससे हमारे जीवन में स्थिरता आई है और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। जरूरतों पर खर्च के अलावा कुछ बचत भी करती हूं।

## सड़क हादसे में मृतक के परिजनों को मिलेगा 15.38 लाख का मुआवजा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 24 मार्च।** मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल ने सड़क हादसे में हुई एक युवक की मौत के मामले में फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को 15.38 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह फैसला मुख्य रूप से चालक की लापरवाही, प्रत्यक्षदर्शी की गवाही और पुलिस रिकॉर्ड के आधार पर दिया गया। इसके अलावा, पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर और चार्जशीट में भी चालक को दोषी ठहराया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह भी स्पष्ट हुआ कि मौत सड़क दुर्घटना में लगी चोटों के कारण हुई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में संदेह से परे नहीं बल्कि संभावनाओं के आधार पर फैसला लिया जाता है। अदालत ने माना कि दस मई 2022 को सेक्टर-25 के पास हुए हादसे में टैंकर चालक की तेज और लापरवाही से ड्राइविंग के कारण मोटरसाइकिल सवार वीरू महतो की मौत हुई। इस निष्कर्ष तक पहुंचने में सबसे अहम भूमिका प्रत्यक्षदर्शी, मृतक के भाई की गवाही ने निभाई, जिसने बताया कि टैंकर ने पीछे से बिना हॉर्न दिए टक्कर मारी। मुआवजे की गणना करते समय अदालत ने मृतक की आय का कोई पुख्ता प्रमाण न होने पर न्यूनतम मजदूरी को आधार माना और उसकी उम्र के अनुसार गुणक लागू किया। साथ ही भविष्य की आय, आश्रितों की संख्या और अन्य मदों को जोड़कर कुल लगभग 15.38 लाख रुपये का मुआवजा तय किया गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वाहन बीमित होने के कारण पूरी राशि बीमा कंपनी द्वारा अदा की जाएगी।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# एकदिवसीय में सबसे सफल कप्तानों में नंबर एक पर हैं पोंटिंग



**मुम्बई, यूटर्न/ 24 मार्च।** एकदिवसीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग से लेकर न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग, भारत के महेन्द्र सिंह धोनी और श्रीलंका के अर्जुन रणतुंगा सहित कई कप्तान क्रिकेट जगह में छाये रहे हैं पर अगर सबसे सफल कप्तान की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के पोंटिंग नंबर एक पर हैं। साल 2002 से 2012 के बीच पोंटिंग ने 230 मैचों में कप्तानी की, जिसमें से उनकी कप्तानी ने टीम ने रिकॉर्ड 165 मैचों में जीत हासिल की। उनकी जीत का प्रतिशत 71.73 प्रतिशत रहा, जो अब तक सबसे अधिक है। पोंटिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई टीम केवल 51 मैच ही हारी है।उनके दौर में ऑस्ट्रेलियाई टीम काक हराना किसी के लिए भी असंभव सा काम था।2.17 प्रतिशत का उनका 'टाई' रिकॉर्ड उनके मैच समाप्त करने के कौशल को दिखाता है।

**स्टीफन फ्लेमिंग :** वहीं न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग इस सूची में दूसरे नंबर पर हैं। 1997 से 2007 के लंबे सफर में उन्होंने 218 मैचों में टीम की कमान संभाली थी पर उनका जीत का प्रतिशत 44.95 रहा टीम को उन्होंने 98 जीत दिलायी वहीं106 हार ।इसके बाद भी उन्हें महान कप्तान इसलिए माना जाता है क्योंकि उन्होंने एक कमजोर टीम को बड़ी टीमों के स्तर तक पहुंचाया।है. फ्लेमिंग अपनी रणनीतिक समझ और स्लिप में अपनी फील्डिंग के लिए मशहूर थे।उन्हें कीवी टीम को विजेता बननो का श्रेया है। धोनी 200 मैचों के साथ तीसर नंबर पर हैं। भारत के सबसे सफल कप्तान एमएस धोनी 200 मैचों के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं. साल 2007 से 2018 के बीच धोनी ने भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर पहुंचाया।धोनी ने 110 मैचों में जीत दर्ज की और उनका जीत का प्रतिशत 55 प्रतिशत रहा।धोनी के नेतृत्व में टीम हालांकि 74 मैच हारी पर उसे जीत हासिल करना आ गया।

# वैभव सफल रहे तो रॉयल्स की जीत तय : अश्विन

**मुम्बई , यूटर्न/ 24 मार्च।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि अगर वह बड़ी पारी खेलता है तो राजस्थान रायल्स को जीत मिलनी तय है।वैभव ने गत वर्ष अपने पहले ही सत्र में आक्रामक बल्लेबाजी से सबको हैरान कर दिया था। अब उम्मीद है कि इस नये सत्र में वह और भी बेहतर बल्लेबाजी करेगा।वैभव ने अंडर-19 विश्वप में भी कई अच्छी पारियां खेली थीं जिससे भी उसका मनोबल बढ़ा हुआ है।ऐसे में अश्विन कहा कहना है कि वैभव रॉयल्स के लिए किसी एक्स फैक्टर की तरह रहेगा।ऐसे में अगर वह क्रीज पर टिक गया तो रॉयल्स को बढ़े स्कारे स रोकना कठिन हो जाएगा।वैभव ने आईपीएल के अपने पहले सत्र में सात मैचों में 252 रन बनाते हुए 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी।इससे उनकी आक्रामक शैली का अंदाज होता है।सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों में शतक लगाया था।वह क्ढछ इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं।अश्विन के अनुसार वह इस सीजन में रॉयल्स के लिए मैच में अंतर ला सकते हैं।साथ ही कहा कि वह अभी अपने करियर के शुरूआती दौर में है, इसलिए उस पर जरूरत से ज्यादा दबाव डालना सही नहीं होगा।अश्विन के मुताबिक, मीडिया और सोशल मीडिया का ध्यान इस बार और ज्यादा रहेगा, जो मानसिक दबाव बढ़ा सकता है।अश्विन ने यह भी कहा कि इस बार विपक्षी टीमें सूर्यवंशी के खिलाफ बेहतर तैयारी के साथ उतरेंगी।पिछले सीजन में उनकी निडर बल्लेबाजी ने गेंदबाजों को किया दिया था, पर अब उनके खेल का सभी को अंदाजा है।ऐसे में युवा बल्लेबाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती होगी अपनी आक्रामकता को बरकरार रखते हुए निरंतरता बनाये रखना।रविचंद्रन अश्विन ने यह भी सुझाव दिया कि रॉयल्स की कप्तानी के लिए रवींद्र जडेजा एक बेहतर विकल्प हो सकते थे पर टीम ने रियान पराग को ये जिम्मेदारी दे दी।ऐसे में पराग को जडेज के अनुभवों का लाभ उठाकर कप्तानी करनी चाहिये।





# जेनेलिया को साउथ की पुरानी फिल्मों के गाने से है खास जुड़ाव

बॉलीवुड एक्ट्रेस जेनेलिया डिसूजा ने न सिर्फ बॉलीवुड बल्कि साउथ सिनेमा में भी अपनी अलग पहचान बनाई है।हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी एक पुरानी साउथ इंडियन फिल्म के गाने को साझा करते हुए बीते दिनों की यादें ताजा कीं, जिसे फैंस भी खूब पसंद कर रहे हैं।जेनेलिया ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ पुरानी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें वह पारंपरिक साड़ी लुक में नजर आ रही हैं।इन तस्वीरों के साथ उन्होंने अपना पसंदीदा गाना 'नल्ला नल्लानी कल्ला' भी जोड़ा। यह गाना उनके करियर के शुरूआती दौर की यादों से जुड़ा हुआ है और आज भी उनके दिल के बेहद करीब है। एक्ट्रेस ने बताया कि जब भी वह अपने पुराने गानों को दोबारा पोस्ट करती हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रेंड करता हुआ देखती हैं, तो उन्हें एक खास तरह का भावनात्मक जुड़ाव महसूस होता है।जेनेलिया ने अपने पोस्ट में लिखा कि पुराने साउथ गानों को शेयर करते ही यादों की एक अलग ही दुनिया सामने आ जाती है।उन्होंने कहा कि कुछ फिल्में और उनसे जुड़ी भावनाएं ट्रेंड से कहीं ज्यादा मायने रखती हैं, क्योंकि वे जिंदगी भर के लिए यादगार बन जाती हैं।उनका मानना है कि भले ही सोशल मीडिया पर ट्रेंड बदलते रहते हों, लेकिन कुछ यादें हमेशा दिल में जिंदा रहती हैं। बता दें कि 'नल्ला नल्लानी कल्ला' साल 2004 में रिलीज हुई तेलुगु फिल्म सई का लोकप्रिय गाना है।



# सारा अली और पलक की मूवी आउटिंग ने खींचा फैंस का ध्यान



हाल ही में एक्ट्रेस सारा अली खान और पलक तिवारी को एक साथ मूवी आउटिंग के बाद स्पॉट किया गया।इस दौरान दोनों बेहद सहज और बेफिक्र नजर आईं।दोनों की मौजूदगी और बॉन्डिंग ने फैंस का ध्यान खींचा और सोशल मीडिया पर उनके वीडियो तेजी से वायरल हो गए। वायरल वीडियो में सारा अली खान नीले रंग के फ्लोइंग एथनिक आउटफिट में आगे-आगे चलती नजर आईं, जबकि पलक तिवारी कैजुअल ब्लैक टॉप और डेनिम्स में उनके पीछे आती दिखीं।दोनों के बीच की सहजता और दोस्ती साफ झलक रही थी।यह पहली बार नहीं है जब सारा और पलक को साथ देखा गया हो, इससे पहले भी वे कई इवेंट्स और आउटिंग्स में साथ नजर आ चुकी हैं।दोनों के बीच अच्छी दोस्ती मानी जाती है और वे अक्सर एक-दूसरे के साथ समय बिताती दिखती हैं।इसी दौरान अभिनेता इब्राहिम अली खान भी उसी थिएटर में कुछ मिनट पहले स्पॉट किए गए।इब्राहिम ने इस दौरान हूडी पहन रखी थी और लो-प्रोफाइल बनाए हुए थे।उनकी मौजूदगी ने एक बार फिर पलक तिवारी के साथ उनके कथित रिश्ते की चर्चाओं को हवा दे दी है। हालांकि अब तक दोनों में से किसी ने भी इस रिश्ते को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है।गौरतलब है कि इब्राहिम अली खान और सारा अली खान, अभिनेता सैफ अली खान और उनकी पूर्व पत्नी अमृता सिंह के बच्चे हैं, जबकि पलक तिवारी मशहूर टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी हैं।

# मियामी ओपन: जैनिक सिनर ने तीसरे राउंड में जीत के साथ तोड़ा जोकोविच का रिकॉर्ड

**मियामी, यूटर्न/ 24 मार्च।** इटली के टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने मियामी ओपन में इतिहास रच दिया है।उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कोरेंटिन मौटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की।इस जीत के साथ सिनर ने एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 26 सेट जीतने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने इस मामले में सर्बिया के दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ दिया है। नोवाक जोकोविच के नाम एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार 24 सेट जीतने का रिकॉर्ड था।सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्ज करते हुए जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी की थी।मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अपनी फॉर्म से खुश हैं और हर मैच में ध्यान बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ था, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए खिताब जीता था।उन्होंने मार्च में भी शानदार फॉर्म को जारी रखा और पैरिबास ओपन में भी अपने दमदार प्रदर्शन को दोहराया।एटीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, मियामी में अपनी दो जीत की वजह से सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं।अब उनका अगला मुकाबला अमेरिका के युवा खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन से होगा, जिन्होंने एलेजांद्रो टैबिलो को हराकर अगले दौर में जगह बनाई है।सिनर का लक्ष्य 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' हासिल करने वाले खिलाड़ी बनने का होगा।रैंकिंग की बात करें तो सिनर इस समय वर्ल्ड नंबर 1 की रेस में कार्लोस अल्कराज (स्पेनिश खिलाड़ी) के करीब पहुंचते जा रहे हैं।कार्लोस को रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद वह टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।



# तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमला, कई घायल, इमारतों को भारी नुकसान

» तेल अवीव, यूटर्न/ 24 मार्च।

इजरायली अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को ईरान की ओर से दागी गई एक मिसाइल तेल अवीव में आकर गिरी। धमाके में कई लोग घायल हो गए और इमारतों तथा वाहनों को नुकसान पहुंचा।

शहर भर में तेज धमाकों की आवाज सुनी गई, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों ने देश की आर्थिक राजधानी के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों से उठते बड़े धुएं के गुबार देखने की बात कही।

सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल के आर्मी रेडियो ने सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह संभवतः क्लस्टर प्रकार की मिसाइल थी, जिसमें कई बमलेट्स (छोटे बम) थे। प्रत्येक का वजन लगभग 100 किलोग्राम था और इनके टुकड़े कई स्थानों पर गिरे। होम फ्रंट कमांड के तेल अवीव जिला कमांडर मिकी डेविड ने घटनास्थल पर पत्रकारों को बताया कि उत्तरी तेल अवीव में एक प्रभाव स्थल पर मिसाइल इमारतों के बीच गिरी, जिससे एक शक्तिशाली धमाका हुआ और तीन इमारतों को भारी नुकसान पहुंचा।

उन्होंने बताया कि इमारतों के शेल्टर सुरक्षित रहे और अंदर मौजूद लोग सुरक्षित हैं।

सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में दिखा कि इस हमले से जमीन में एक गड्ढा बन गया।



एक बयान में इजरायली सेना ने कहा कि मध्य इजरायल के कई स्थानों पर खोज और बचाव दल काम कर रहे हैं, जहां हमले की खबर मिली है। 'मैगन डेविड एडोम' एम्बुलेंस सेवा ने बताया कि हमले में छह लोग हल्के रूप से घायल हुए हैं। ईरान की ओर से लगातार मिसाइल हमलों के बीच रात भर और मंगलवार सुबह तक पूरे इजरायल में सात बार हवाई हमले के सायरन बजाए गए। यह हमला ऐसे समय हुआ जब क्षेत्रीय संघर्ष 25वें दिन में प्रवेश कर चुका है और तनाव अभी भी उच्च स्तर पर बना हुआ है, भले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बातचीत का दावा कर रहे हैं, जिसे ईरान 'फेक न्यूज' बता रहा है।

इस बीच सोमवार को द न्यूयॉर्क टाइम्स ने वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट किया कि पेंटागन ईरान में सैन्य अभियानों के समर्थन के लिए हवाई सैनिकों की संभावित तैनाती पर विचार कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, ये सैनिक अमेरिकी सेना की 82वीं एयरबोर्न डिवीजन की 'इमीडिएट रिस्पॉन्स फोर्स' से होंगे, जो लगभग 3,000 सैनिकों की एक ब्रिगेड है और 18 घंटे के भीतर दुनिया में कहीं भी तैनात हो सकती है। हालांकि, अभी तक पेंटागन या यूएस सेंट्रल कमांड की ओर से कोई आदेश जारी नहीं किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन बलों का उपयोग ईरान के मुख्य तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर कब्जा करने के लिए किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकिस्तानी सेना पर बलूचिस्तान में छात्र को लापता करने का आरोप

**क्वेटा, यूटर्न/ 24 मार्च।** बलूचिस्तान में युवाओं को गायब किए जाने और बिना मुकदमे के हत्याओं की बढ़ती घटनाओं के बीच एक और छात्र के गायब होने का मामला सामने आया है। सोमवार को एक प्रमुख मानवाधिकार संगठन ने इसके लिए पाकिस्तान सेना की निंदा की। सूत्रों के हवाले से, पांक (बलूच नेशनल मूवमेंट का मानवाधिकार विभाग) ने बताया कि मुमताज बलोच को केच जिले के तुरबत के अब्सार इलाके से पाकिस्तान के फ्रंटियर कॉर्प्स के कर्मियों ने जबरन गायब कर दिया। मुमताज यूनिवर्सिटी ऑफ बलूचिस्तान के बलोची भाषा और साहित्य विभाग के छात्र है। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, मुमताज को बिना किसी कानूनी वारंट या विधिक प्रक्रिया के हिरासत में लिया गया, और उनका ठिकाना अभी तक अज्ञात है।

### मिडिल ईस्ट तनाव के बीच सोना-चांदी के भाव में गिरावट

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 24 मार्च।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते कूटनीतिक तनाव और ईरान-अमेरिका के बीच जुबानी टकराव ने सोना और चांदी के निवेशकों को हैरान कर दिया है। मंगलवार सुबह मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट देखने को मिली। वैश्विक स्तर पर हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की आशंकाओं और ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर हमले तेज करने की खबरों ने बाजार को हिलाकर रख दिया। अप्रैल वायदा सोना 1,36,945 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से 2,315 रुपये कम है। वहीं चांदी का मई अनुबंध 2,15,765 रुपये प्रति किलोग्राम पर फिसल गया।

## 6 साल से कम उम्र के बच्चों के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी डिवाइस चलाने पर लगेगा प्रतिबंध

» सिडनी, यूटर्न/ 24 मार्च।

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड राज्य में नए सुरक्षा कानूनों के तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी डिवाइस (जैसे ई-बाइक और ई-स्कूटर) चलाने की अनुमति नहीं होगी। यह फैसला मंगलवार को घोषित किया गया। राज्य सरकार ने बताया कि ई-मोबिलिटी सुरक्षा पर बनी संसदीय समिति की सभी 28 सिफारिशों को पूरी तरह या सिद्धांत रूप में स्वीकार कर लिया गया है। इनमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर प्रतिबंध भी शामिल है।



क्वींसलैंड के परिवहन मंत्री ब्रेंट मिकेलबर्ग ने कहा कि सरकार जल्द ही इन सिफारिशों को कानून बनाने के लिए संसद में पेश करेगी। नए नियमों के मुताबिक, ई-बाइक और ई-स्कूटर चलाने के लिए कम से कम क्वींसलैंड का लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी होगा। यह लाइसेंस 16 साल की उम्र में मिलता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि चलाने वाले को ट्रैफिक नियमों की जानकारी हो।

जांच में सामने आया कि साल 2025 में क्वींसलैंड में ई-मोबिलिटी से जुड़े हादसों में 12 लोगों की मौत हुई और 6,300 लोग घायल हुए। मिकेलबर्ग ने मंगलवार को कहा, 'हम 16 साल से कम उम्र वालों पर इन डिवाइस के इस्तेमाल पर रोक लगा रहे हैं, क्योंकि बच्चों की सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है।'

## अमेरिका-इजरायल के हमलों में तेहरान में अब तक 600 लोगों की मौत

**तेहरान, यूटर्न/ 24 मार्च।** इजरायल और अमेरिका के साथ संघर्ष शुरू होने के बाद से ईरान की राजधानी तेहरान में अब तक 600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इरना समाचार एजेंसी ने सोमवार को तेहरान की आपातकालीन सेवाओं के प्रमुख मोहम्मद इस्माइल तवक्कोली के हवाले से बताया 'इस दौरान (संघर्ष शुरू होने के बाद से) राजधानी में 636 लोग मारे गए हैं और अब तक 6,848 लोग घायल हुए हैं। तेहरान में लगभग 430 जगहों पर हमले हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने 12 मार्च को कहा था कि ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के सैन्य अभियान के परिणामस्वरूप ईरान में 1,348 नागरिक मारे गए और 17,000 से ज्यादा लोग घायल हुए। यह अभियान 28 फरवरी को ईरान के कई शहरों में शुरू किया गया था, जिसमें जान-माल का भारी नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

## वियतनाम में एक भोजनालय में आग लगने से दो लोगों की मौत

**हनोई, यूटर्न/ 24 मार्च।** दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में सोमवार रात एक शाकाहारी भोजनालय में आग लगने से एक महिला और उसके बच्चे की मौत हो गई। वियतनाम न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब आग लगी तो पीड़ित सो रहे थे। स्थानीय दैनिक वीएन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक एक पड़ोसी ने बताया कि घटना के समय भोजनालय बंद था और द्वार के सामने कई टेबल, कुर्सियाँ और कांच की अलमारियाँ रखी थीं, जिससे बाहर निकलने में दिक्कत हो रही थी। अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

## कोलंबिया में सैन्य विमान दुर्घटना में 66 सैनिकों की मौत

**बोगोटा, यूटर्न/ 24 मार्च।** कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत पुटुमायो में सोमवार को हुए एक सैन्य विमान दुर्घटना में 66 सैनिकों की मौत हो गयी। कोलंबिया की सेना ने कहा नए आंकड़ों के मुताबिक विमान में 128 लोग सवार थे, जिनमें से 57 घायल हो गए, चार लापता हैं और एक व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। सेना ने शुरू में कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए परिवहन विमान सी-130 हरक्यूलिस में 114 यात्री और 11 चालक दल के सदस्य सवार थे। इस विमान का इस्तेमाल सैनिकों को लाने-ले जाने के लिए किया जाता था।



## मैसाचुसेट्स के मंदिर पहुंचे यूएस कांग्रेसमैन मैकगवर्न, दिखा सामुदायिक जुड़ाव

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 24 मार्च।** मैसाचुसेट्स में श्री लक्ष्मी मंदिर के दौरे के दौरान, कांग्रेसमैन जिम मैकगवर्न ने समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की। 21 मार्च को हुए इस दौरे को आयोजकों ने प्रतीकात्मक और ऐतिहासिक बताया। मंदिर में पहुंचे मैकगवर्न ने समुदाय के लोगों से मुलाकात की और नागरिक भागीदारी, धार्मिक समावेश और सार्वजनिक नीतियों जैसे अहम मुद्दों पर बातचीत की। यह मुलाकात उनके राज्य में विभिन्न समुदायों से जुड़ने और आपसी समझ बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा मानी जा रही है। इस कार्यक्रम का आयोजन 'अमेरिकन्स 4 हिंदूज' ने किया था। संगठन की मैसाचुसेट्स चैप्टर की अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी थलंकी ने कहा कि यह ऐतिहासिक यात्रा हिंदू-अमेरिकी समुदाय की मजबूती और जीवंतता को दर्शाती है, साथ ही विभिन्न संस्कृतियों और धर्मों के बीच पुल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं यूएस-इंडिया सिक्योरिटी काउंसिल के अध्यक्ष रमेश विश्वनाथ कपूर ने अमेरिका-भारत संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत का जिक्र करते हुए कहा कि मैकगवर्न लंबे समय से भारतीय-अमेरिकी समुदाय के समर्थन में खड़े रहे हैं। उन्होंने समुदाय में एकता बनाए रखने की भी अपील की।

## ईरान युद्ध पर घिरे ट्रंप, यूएस डेमोक्रेट्स ने उठाए सवाल



**वाशिंगटन, यूटर्न/ 24 मार्च।** अमेरिका में ईरान के साथ जारी संघर्ष को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। शीर्ष डेमोक्रेट नेताओं ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दबाव बनाते हुए युद्ध की बढ़ती लागत, स्पष्ट रणनीति की कमी और संघर्ष के लंबे खिंचने के खतरे को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। सीनेट में डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने कहा कि इस युद्ध का कोई स्पष्ट लक्ष्य या रणनीति नहीं है। उन्होंने सीनेट में कहा, 'ट्रंप का ईरान के साथ युद्ध चौथे हफ्ते में है और इसका कोई अंत नजर नहीं आ रहा।' चक शूमर ने यह भी आरोप लगाया कि राष्ट्रपति आगे की योजना को लेकर साफ जवाब देने में विफल रहे हैं। चक शूमर ने व्हाइट हाउस के बयानों को भी विरोधाभासी बताया। उन्होंने कहा, 'यह क्या हो रहा है? यह कमांडर-इन-चीफ की लीडरशिप नहीं है।

## ईरान और मध्य पूर्व पर अमेरिका की कूटनीति तेज, भारत, कनाडा और केन्या से बातचीत की

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 24 मार्च।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत, कनाडा और केन्या के अपने समकक्ष नेताओं से बातचीत की। इन बातचीतों में ईरान, मध्य पूर्व की स्थिति और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। यह जानकारी उनके प्रवक्ता ने दी। रुबियो ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर, कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद और केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो से बात की। इस दौरान अमेरिका ईरान और क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर अपने सहयोगी देशों से लगातार संपर्क बढ़ा रहा है। भारत के साथ हुई बातचीत में मध्य पूर्व की बदलती स्थिति पर चर्चा हुई।

## ईरान से तनातनी के बीच ट्रंप ने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर से फोन पर की बात

» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 24 मार्च।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध से उपजी चिंताओं के बीच पाकिस्तान दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने की कोशिश करता नजर आ रहा है। वह अमेरिका के संदेशों को ईरान पहुंचा रहा है और ईरान के जवाबों से अवगत करा रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल आसिफ मुनीर से फोन पर बात की।



व्हाइट हाउस के मुताबिक चर्चा का मुख्य विषय ईरान युद्ध था। हालांकि इस बातचीत को संवेदनशील बताते हुए अधिकारियों ने और ज्यादा बताने से इनकार कर दिया।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लिविट ने पहले कहा था कि ये संवेदनशील कूटनीतिक चर्चा है और अमेरिका मीडिया के जरिए कोई वार्ता नहीं करेगा। सूत्रों के अनुसार, मुनीर ने ट्रंप से बातचीत की और पाकिस्तान ने खुद को अमेरिकी और ईरानी वरिष्ठ अधिकारियों के बीच वार्ता की संभावित जगह के रूप में पेश किया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से बात की। एक्स पोस्ट के जरिए उन्होंने ईद-उल-फितर और नवरोज की शुभकामनाएं दीं और ईरान के लोगों के साथ अपनी सहानुभूति जताई। शरीफ ने कहा कि दोनों पक्षों ने खाड़ी क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा की और तनाव कम करने, संवाद और कूटनीति की जरूरत पर सहमति जताई।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *